दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली । बुधवार 11 जून-2025 | ● वर्ष : 10 अंक : 172 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







# जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से हुई लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की मुलाकात

# सांसद ने बताई अबु धाबी में इस्लाम हाईजैक वाली बात







**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोकसभा सांसद अतुल गर्ग उत्तर प्रदेश से अकेले ऐसे सांसद हैं जिन्हें तीन देशों की यात्रा पर भेजे गए सर्वदलीय संसद मंडल में चुना गया था। इस दल ने यूएई, लाइबेरिया और कांगो में भारत का पक्ष रखा था। ये बताया था कि किस तरह से पाकिस्तान आतंकवाद को पोषित कर रहा है और पहलगाम की घटना से लेकर ऑपरेशन सिंदूर की वजह बताई थी।

ये दल विदेशों में अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भारत का पक्ष रखने के बाद लौट आया था। गाजियाबाद के सांसद अतुल गर्ग व अन्य दो सांसदों ने विदेश की धरती से लौटकर वहां के संस्मरण बताए थे। ये बताया था कि किस तरह से हमने अपने देश का पक्ष रखा और ये बताया कि पाकिस्तान आतंकवाद को बढ़ावा देता है। मंगलवार को विदेश दौरे पर गए संसदीय दल के सांसदों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुलाकात की।

इस दौरान उन्होंने सर्वदलीय मंडल के सांसदों से बात की और सबसे खास बात ये थी कि सभी सांसदों ने अपने-अपने अनुभव प्रधानमंत्री को बताए। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब प्रधानमंत्री से रूबरू हुए तो उन्होंने अबु धाबी में वहां के खलीफा द्वारा कही गई बात को बताया। सांसद अतुल गर्ग ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से तुखाबित होते ही ये बताया कि जब हमने अबु धाबी में वहां के खलीफा से पाकिस्तान की पूरी भूमिका को बताया तो उन्होंने पहलगाम हमले पर दुख व्यक्त किया था और कहा था कि पाकिस्तान ने हमारा धर्म हाईजैक कर ऐसा काम किया।

हम इसे बर्दाश्त नहीं करेंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने प्रधानमंत्री आवास पर सर्वदलीय सांसद मंडल के उन सांसदों से मुलाकात का कार्यक्रम रखा था जो विदेशों में ऑपरेशन सिंदूर के बाद गए थे। प्रधानमंत्री लोन में आयोजित इस कार्यक्रम में सभी सांसदों ने प्रधानमंत्री का अभिनंदन किया और उन्हें संक्षेप में अपनी-अपनी बात बताई।

### सवा घंटा रहे प्रधानमंत्री विदेश गए सांसदों के साथ

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की एक खूबी है कि वो हर छोटी-बड़ी घटना से अपडेट रहते हैं और एक कप्तान के रूप में अपनी टीम के हर खिलाड़ी की हौंसला अफजाई करते हैं। मंगलवार को जब वो प्रधानमंत्री आवास के लोन में आयोजित सांसद मुलाकात कार्यक्रम में सांसदों से मुखातिब थे तो वां यहां प्रत्येक सांसद से मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगभग सवा घंटे तक सांसदों के साथ रहे।

### जब प्रधानमंत्री ने कहा- गर्ग साहब आप रखते थे वहां सबक ख्याल

करंट क्राइम। प्रधानमंत्री नरेंद्र का एक नेटवर्क है और उन्हें कितनी छोटी से छोटी बात की खबर रहती है इसका भी मुलाहिजा मंगलवार को हुआ। जब प्रधानमंत्री आवास पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नजर अतुल गर्ग की तरफ पड़ी तो वह उनकी तरफ आए और सांसद अतुल गर्ग ने अपना परिचय दिया। यहां अतुल गर्ग की हैरानी की उस समय सीमा नहीं रही जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि गर्ग साहब आप ठीक हैं और अगला शब्द ये था कि आप वहां सभी दल के सदस्यों का, उनके भोजन का विशेष ख्याल रखते थे। ये शब्द ही अपने आप में एक प्रशंसा भी थे और इस बात के भी परिचायक थे कि लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की केयर नेचर की जानकारी देश के प्रधानमंत्री को भी है।

# विवाहिता को जान से मारकर सूटकेस में कर दिया पैक, सनसनीखेज मामले ने उड़ाई पुलिस की नींद

### फील्ड यूनिट द्वारा वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करते हुए साक्ष्य एकत्र किए गए



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के ग्रामीण जोन के अंतर्गत आने वाले लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र में सुबह 10 जबे कंट्रोल रूम को सूचना मिली कि बैहटा हाजीपुर से बंथला जाने वाले नहर रोड के किनारे सूटकेस में महिला की बॉडी पड़ी हुई है। इस सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। साथ ही फील्ड यूनिट को बुलाया गया। फील्ड यूनिट द्वारा वैज्ञानिक तरीकों का प्रयोग करते हुए साक्ष्य एकत्रित किए गए हैं। सूटकेस खोला गया तो उसके अंदर से एक 25 वर्षीय अज्ञात महिला का शव मिला। महिला सिंदूर और बिछिया पहने हुए थी, जिससे स्पष्ट हुआ है कि वह हिंदू है। फिलहाल शव मिलने के 12 घंटे बाद भी पुलिस अज्ञात महिला के बारे में कोई जानकारी नहीं जुटा पाई है। इस मामले में एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने कहा है कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। साथ ही मृतक महिला की शिनाख्त के प्रयास किया जा रहे हैं।

### टेक्निकल टीम जुटा रही है सुराग



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद एसीपी अंकुर विहार अजय कुमार सिंह ने बताया है कि इस मामले में सूटकेस के भीतर जिस महिला की लाश मिली है, उसके बारे में जानकारी जुटाने के लिए टेक्निकल टीम भी जुटी हुई है। इसके साथ ही आसपास के कुछ सीसीटीवी भी खंगाले जा रहे हैं, वहीं पुलिस अपने लोकल इनपुट को लेकर भी काम कर रही है।

### महिला की हत्या कर शव ठिकाने लगाने की आशंका

करंट क्राइम : लोनी बॉर्डर पुलिस महिला के सूटकेस में मिले शव के मामले में अभी कोई सुराग हासिल नहीं कर पाई है। साथ ही महिला की शिनाख्त भी नहीं हुई है। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि जिस तरीके से शव सूटकेस में मिला है। पास में एक चादर भी लपटी हुई मिली है। उससे लग रहा है कि महिला की हत्या करके उसके शव को सूटकेस में रखकर इसे यहां ठिकाने लगाने का प्रयास था, लेकिन राहगीरों की नजर पड़ गई और पुलिस को सूचना मिल जाने की वजह से सूटकेस नहर रोड पर फेंक गए ।

### पहले भी मिले हैं सूटकेस में महिलाओं के शव

करंट क्राइम : दिल्ली-एनसीआर और खासकर गाजियाबाद के बॉर्डर इलाकों में सूटकेस के भीतर शव मिलने का यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी साहिबाबाद के अर्थला, मोदीनगर, मुरादनगर नहर के पास और खोड़ा इलाके में महिला का शव सूटकेस में मिल चुका है। कई मामले अभी अनसुलझे हैं तो कई मामलों को पुलिस वर्कआउट कर चुकी है।

# काश यूं ही लगते रहें सीएम के कैलाश मानसरोवर भवन में दौरे !



उदयवीर सिंह

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैलाश मानसरोवर भवन का निर्माण इंदिरापुरम क्षेत्र में हुआ। इसे मुख्यमंत्री का ड्रीम प्रोजेक्ट भी कहा जाता है। पहले इसका निर्माण हज हाउस के पास होना था, बाद में कैलाश मानसरोवर भवन इंदिरापुरम क्षेत्र में बनाया गया। इस भवन का उद्घाटन 12 दिसंबर 2020 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया था। एक भव्य इमारत बनकर तैयार हुई। यहां सेंट्रली एसी लगाए गए, एलईडी टीवी लगाए गए, फ्रिज रखे गए, कमरों से लेकर कांफ्रेंस रूम तक सब कुछ भव्य बनाया गया। पार्किंग की सुविधा उपलब्ध कराई गई। यहां पर कैलाश मानसरोवर यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के जत्थे को रुकना था।

**जब कैलाश मानसरोवर भवन का करंट क्राइम ने किया ग्राउंट जीरो से रियलटी टेस्ट**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 2020 में इसका उद्घाटन कर गए थे और फिर समय आगे बढ़ा और कोई जत्था नहीं आया। इसके बाद देखरेख नहीं हुई और फिर यहां जो कैलाश मानसरोवर भवन मुख्यमंत्री का ख्वाब था उस भवन का एक-एक सामाजन धीरे-धीरे खराब हो गया। एसी के तारों को चूंहे काट गए, सीलन आने से धीवारों पेंट, रंग-रोगन खराब हो गया और फिर इसकी स्थिति ये हुई कि एक बार यहां भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी का कार्यक्रम होना था, लेकिन यहां खराब सामान, जमी हुई धूल और गर्द के चलते कार्यक्रम स्थल को ही बदलना पड़ा था। अब जब यहां मुख्यमंत्री आ रहे हैं तो दैनिक करंट क्राइम ने कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचकर ग्रांउड जीरा से पूरे व्यवस्था को परखा। दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरोचीफ उदयवीर सिंह कैलाश मानसरोवर भवन पहुंचे। उन्होंने यहां की वर्तमान व्यवस्थाओं का जायजा लिया और यहां के पूरे बदले माहौल को देखकर ये लगा कि काश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथव अगर यहां साल में दो बार आ जाएं तो कैलाश मानसरोवर भवन का पूरा उद्धार हो जाएगा। रियलटी टेस्ट में सबकुछ बेस्ट नजर आया।










### चार दिन में बदल गई कैलाश मानसरोवर भवन की सूरत



करंट क्राइम। जिस कैलाश मानसरोवर भवन की बदहाल हालत देखकर ये लग रहा था कि सरकार ने यह सफेद हाथी पाल लिया है। पर्यटन विभाग को इसकी जिम्मेदारी दी गई थे, लेकिन रख-रखाव के अभाव में यहां सारा सामान खराब हो गया। मगर, जैसे ही ये पता चला कि मुख्यमंत्री यहां आ रहे हैं तो चार दिन में कैलाश मानसरोवर भवन की हालत ही बदल गई। पर्यटन विभाग ने यहां कमान संभाली और माहौल को कूल करते नए एसी आ गए। जनरेटर आ गया और दीवारें नई हो गईं और दरवाजों से धूल गायब। नया पेंट हो चुका है, एलईडी लाइटें लग चुकी हैं और फ्रिज से लेकर टीवी तक सबकुछ नए हैं और चल रहे हैं। गैस का आईजीएल कनेक्शन लग चुका है, सीसीटीवी कैमरे काम कर रहे हैं।

### इस तरह से रह सकता है मुख्यमंत्री का यहां संभावित प्रोग्राम



करंट क्राइम। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ यहां आएंगे और उनका रात्रि प्रवास भी यहां रह सकता है। इसी हिसाब से यहां पूरी व्यवस्था की गई है। सूत्र बता रहे हैं कि मुख्यमंत्री यहां 14 जून की रात को रात्रि विश्राम करेंगे और 15 जून को जो जत्था सुबह सात बजे रवाना होगा, उस जत्थे को मुख्यमंत्री ही हरी झंडी दिखाएंगे, उसे रवाना करेंगे। 11 जून को यहां पहला जत्था आ जाएगा। 12 जून को ये जत्था दिल्ली जाएगा, 13 जून को आईटीबीटी की टीम इन यात्रियों का मेडिकल चैकअप करेगी और 14 को यह जत्थ कैलाश मानसरोवर भवन में विश्राम करेगा। 15 को यह जत्था रवाना होगा। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री के रात्रि विश्राम और भोजन की व्यवस्था कैलाश मानसरोवर भवन में ही रहेगी। सूत्र बताते हैं कि मुख्यमंत्री के संभावित कार्यक्रम के चलते लखनऊ से भी पर्यटन विभाग के अधिकारियों की टीम यहां डेरा डाल चुकी है।

### 11 जून से लेकर 26 अगस्त तक आएंगे यहां यात्री दल



करंट क्राइम। कैलाश मानसरोवर भवन में यात्रियों का आना 11 जून से शुरू हो जाएगा और 26 अगस्त तक यहां कैलाश मानसरोवर जाने वाले यात्रियों के जत्थे आएंगे। यहां कुल मिलाकर 15 जत्थे आने हैं। प्रत्येक जत्थे में 50 यात्री रहेंगे। डॉक्टरों की टीमें लगातार 24 घंटे मौजूद रहेंगी। कैलाश मानसरोवर यात्री राष्ट्रीय स्वागत परिसर के उपाध्यक्ष उदय कौशिक की देखरेख में यात्रियों की व्यवस्था की जिम्मेदारी रहेगी।

# सीपी जे रविंदर गौड ने किया शालीमार गार्डन थाने का निरीक्षण, थाने की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने का आदेश

### - डीसीपी ट्रांस हिंडन से कहा थाने को बेहतर बनाने का बनाएं प्लान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर लगातार अलग-अलग जोन के थानों का निरीक्षण कर रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने सोमवार की रात ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले शालीमार गार्डन थाने का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने के अभिलेखों से लेकर वहां के इंफ्रास्ट्रक्चर की जांच की। साथ ही डीसीपी ट्रांस हिंडन से कहा है कि थानों को और बेहतर बनाने और इसका वर्किंग स्टाइल बदलने पर प्लान किया जाए। निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर के साथ एडिशनल सीपी अपराध एवं कानून व्यवस्था आलोक प्रियदर्शी, डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष दशरथ पाटिल, एसीपी शालीमार गार्डन अतुल सिंह मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### थाने में आने वालों का बनाया जाए रजिस्टर्ड नाम, पता और फोन नंबर हो दर्ज



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर ने शालीमार गार्डन थाने का निरीक्षण किया, तो इस दौरान वहां एसीपी और थाना प्रभारी को निर्देश दिया है कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति का एक रजिस्टर में नाम लिखा जाना चाहिए। उसका फोन नंबर, पता और वह किस विषय में आया था यह भी उस रजिस्टर में दशार्या जाए। इसके साथ ही पानी, साफ -सफाई और लाइटगिं व्यवस्था के साथ ही अन्य कार्यालय में साफ-सफाई और स्वच्छता अभियान चलाने का भी पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने निर्देश दिया है।

### सीपी ने पुलिस कर्मियों से कहा, जनता से होना चाहिए बेहतर व्यवहार



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार पुलिस कर्मियों द्वारा पीड़ितों एवं थाने में आने वाले आगंतुकों एवं शिकायतकर्ताओं से बेहतर व्यवहार करने का निर्देश देते हैं। साथ ही उनके द्वारा शुरू की गई सिटिजन पुलिसिंग और बीट व्यवस्था को लेकर भी पुलिस कमिश्नर ने महत्वपूर्ण सुझाव अधीनस्थों को दिए।

# द्वारका के अपार्टमेंट में भीषण आग से पिता और दो बच्चों की गई जान




**नई दिल्ली।** द्वारका में एक अपार्टमेंट की सातवीं मंजिल पर स्थित फ्लैट में आग लग गई। मौके पर दमकल की कई गाड़ियां पहुंचीं। दमकल विभाग ने भीषण आग पर काबू पाया। हादसे के दौरान तीन लोगों की मौत भी हो गई है। ये हादसा द्वारका सेक्टर 13, सबद सोसाइटी एमआरवी स्कूल के पास बिल्डिंग में हुआ। जहां हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दो बच्चे (एक लड़का और एक लड़की, दोनों की उम्र 10 साल) खुद को बचाने के लिए बालकनी से कूद गए, जिन्हें आकाश अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। बाद में उनके पिता यश यादव उम्र 35 साल भी बालकनी से कूद गए, जिन्हें भी आईजीआई अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। वह फ्लैक्स बोर्ड के व्यवसाय से जुड़े थे। यश यादव की पत्नी और बड़ा बेटा आग से बच गए और जीवित हैं। उन्हें चिकित्सा सहायता के लिए आईजीआई अस्पताल भेजा गया है। सोसाइटी के सभी निवासियों को बाहर निकाल लिया गया है और बिजली और पीएनजी कनेक्शन जैसी सभी सुविधाएं बंद कर दी गई हैं। संरचनात्मक स्थिरता का आकलन करने के लिए डीडीए तथा एमसीडी को सूचित कर दिया गया है। परिवार की सहायता के लिए आकाश तथा आईजीआई अस्पताल दोनों में टीमें तैनात की गई हैं।

आम आदमी पार्टी के नेता सौरभ भारद्वाज ने द्वारका में हुए हादसे पर दिल्ली की रेखा सरकार पर निशाना साधा। एक्स पर पोस्ट साझा कर लिखा कि द्वारका में आग लगी, पिता अपने दो बच्चों के साथ मारे गए। इससे पहले बवाना की झुग्गियों में आग लगी। फायर ब्रिगेड देर से पहुंची तो दो बच्चे जिंदा जल कर मर गए। आखिर चार इंजन की सरकार वाली मुख्यमंत्री कहती हैं हमने आग बुझाने के लिए बेहतर इंतजाम किए हैं।

### मंगोलपुरी में रबर फैक्टरी में लगी भीषण आग, दमकल की 14 गाड़ियां मौके पर



नई दिल्ली। दिल्ली के मंगोलपुरी औद्योगिक क्षेत्र फेज 1 में एक रबर फैक्टरी में आग लग गई। फायर ऑफिसर सरबजीत ने कहा कि आग लगने के पीछे का कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। दमकल विभाग ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि 14 दमकलकर्मी यहां हैं और आग पर अभी काबू पा लिया गया है। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

# ये कोई फिल्मी स्टंट नहीं... केरल के समुद्र में जल रहा मालवाहक जहाज




**केरल।** केरल तट के पास सिंगापुर ध्वज वाले मालवाहक पोत में भीषण आग लग गई। लगातार पानी के मालवाहक जहाज में धमाके भी हो रहे हैं। जहाज के मध्य क्षेत्र और ह्यकंटेनरह्न बे से आग की ऊंची-ऊंची लपटें निकल रही हैं। धुएं का गुबार भी आसमान में छा गया है।

**लगातार बुझाई जा रही आग :** इस घटना की जानकारी देते हुए भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने कहा आगे के हिस्से में लगी आग पर काबू पा लिया गया है लेकिन पोत ह्यएमवी वान हाई 503ह्न से घना धुआं उठ रहा है। भारतीय तटरक्षक जहाज ह्यसमुद्र प्रहरीह्न और ह्यसचेतह्न आग को और अधिक फैलने से रोकने के लिए समुद्र में अग्निशमन और प्रशीतन अभियान संचालित कर रहे हैं।

**चालक दल समेत 18 लोगों को बचाया गया :** इस बीच तटरक्षक पोत ह्यसमर्थह्न को बचावकर्मियों की एक टीम के साथ कोच्चि से भेजा जा रहा है। इससे पहले रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय नौसेना के जहाज आईएनएस सूरत ने सिंगापुर के ध्वज वाले कंटेनर पोत में सवार चालक दल के 18 सदस्यों को उतार लिया वहीं अग्निशमन अभियान रातभर जारी रहा। चालक दल के सदस्यों को सोमवार रात 11.30 बजे मैंगलोर बंदरगाह पर उतारा गया था।

**जानिए कब लगी थी इस मालवाहक जहाज में आग? :** रक्षा प्रवक्ता ने कहा था कि भारतीय तटरक्षक जहाज ह्यसचेतह्न और ह्यसमुद्र प्रहरीह्न रात भर आग बुझाने के काम में लगे रहे। वहीं, तटरक्षक बल का डोर्नियर विमान मंगलवार सुबह घटनास्थल का हवाई सर्वेक्षण करने के लिए रवाना हुआ। सिंगापुर के ध्वज वाले जहाज में सोमवार को भीषण आग लग गई थी। यह घटना भारतीय समयानुसार सुबह 9.20 बजे, केरल के कन्नूर जिले के अझिक्कल से लगभग 44 समुद्री मील दूर और कोच्चि से 130 समुद्री मील उत्तर-पश्चिम में हुई है।

# ईडी ने बेंगलुरु में अब तक 100 करोड़ रुपये की संपत्तियां अटैच कीं, कुल अटैचमेंट 400 करोड़ पार



**बेंगलुरुः** प्रवर्तन निदेशालय (एऊ) ने 9 जून 2025 को प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट, 2002 के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (मुदा) घोटाले से जुड़े मामले में करीब 100 करोड़ रुपये मूल्य की 92 अचल संपत्तियां (मुदा साइट्स) को प्रोविजनली अटैच कर लिया है।

ईडी की इस कार्रवाई का संबंध कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री सिद्धारमैया समेत अन्य संबंधित व्यक्तियों से जुड़ा है। इस घोटाले में अब तक की गई कुल संपत्ति अटैचमेंट की राशि 400 करोड़ रुपये से अधिक पहुंच चुकी है।

ईडी ने अपनी जांच में पाया कि मुदा स्कीम के अंतर्गत सरकारी जमीनों का अवैध रूप से आवंटन किया गया, जिससे कई राजनीतिक और कारोबारी लाभार्थियों को करोड़ों रुपये का फायदा पहुंचाया गया। इस भूमि घोटाले के जरिए सरकारी जमीन को बेनामी नामों पर स्थानांतरित किया गया और फिर उन्हें बाजार दर पर बेचकर काला धन सफेद किया गया।

ईडी की जांच में सामने आया कि कई भूखंडों को जानबूझकर ह्लभू-स्वामित्व के फर्जी दावोंह्व के आधार पर आवंटित किया गया और इसके बदले में बड़े पैमाने पर रिश्वत और दलाली का लेन-देन हुआ। ये संपत्तियां कथित तौर पर इस घोटाले से अर्जित अवैध धन से खरीदी गई थीं।

प्रवर्तन निदेशालय ने यह भी बताया कि अभी और संपत्तियों की पहचान की जा रही है और आगे की जांच में और भी खुलासे हो सकते हैं। इस घोटाले से संबंधित कई प्रमुख नेताओं और अधिकारियों की भूमिका की जांच जारी है।

मुदा घोटाला कर्नाटक की राजनीति और प्रशासन में भ्रष्टाचार के गंभीर संकेत देता है। ईडी की यह ताजा कार्रवाई एक बार फिर यह दिखाती है कि एजेंसी काले धन और भ्रष्टाचार के मामलों में सख्ती से कार्रवाई कर रही है।

अब यह देखना होगा कि जांच में आगे किन-किन बड़े नामों का खुलासा होता है और क्या यह मामला अदालत तक पहुंचता है।

# गर्मी से उबल रहा है पूरा दिल्ली-एनसीआर लू और गर्म दिन का ऑरेंज अलर्ट जारी




**नई दिल्ली।** पूरे दिल्ली एनसीआर में गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। प्रचंड गर्मी और उमस ने लोगों का जीना दुश्वार कर दिया है। गर्मी से तड़प रहे लोगों के ऊपर हीट वेव यानी लू का भी डबल अटैक पड़ रहा है। सुबह से ही इतनी तेज धूप हो रही है। सड़कों पर पैदल चलना या घर से बाहर निकलना भी मुश्किल होता जा रहा है। लोग बेहद मजबूरी में ही इस प्रचंड गर्मी में बाहर निकल रहे हैं। भीषण गर्मी और हीटवेव को देखते हुए भारत मौसम विज्ञान विभाग ने भी ऑरेंज अलर्ट जारी कर दिया है।

ऑरेंज अलर्ट का मतलब है कि इस गर्मी में बेहद सावधानी बरतनी होगी। खुद को लू लगने से बचाना होगा और बाहर निकलते समय अपने सिर को अच्छे से ढकना होगा। अगर लोगों ने यह नहीं किया तो उनको सेहत से जुड़ी हुई गंभीर दिक्कतों का सामना करना पड़ सकता है। नोएडा, गाजियाबाद, गुड़गांव, फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा समेत पूरे दिल्ली एनसीआर में अधिकतम तापमान भी 40 से 45 डिग्री सेल्सियस के बीच चल रहा है।

रात का तापमान भी 30 डिग्री सेल्सियस को छू रहा है। रात के तापमान और दिन के तापमान में सिर्फ 15 डिग्री सेल्सियस की कमी रह गई है। गर्मी इस कदर है कि लोगों का इसे बर्दाश्त कर पाना मुश्किल होता जा रहा है। फिलहाल हीट वेव और बेहद गर्म दिन का ऑरेंज अलर्ट आज यानी 10 जून और 11 जून के अलावा 12 जून को भी रहेगा। यानी अभी तीन दिन दिल्ली एनसीआर पर भारी पड़ने वाले हैं। प्रचंड गर्मी और हीट वेव का सामना लोगों को अभी तीन दिन करना होगा।

भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से आए हुए ताजा अपडेट के मुताबिक फिलहाल 12 जून से मौसम दिल्ली एनसीआर में करवट लेगा।12 जून को शाम होते ही 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी आएगी और धूल भरी हवाओं के साथ ही रात में शुरू होगा बारिश का सिलसिला जो 13 जून, 14 जून और 15 जून तक जारी रहेगा। यानी 12 जून से 15 जून तक लगातार बारिश होगी। मौसम ठंडा हो जाएगा। तापमान में भी गिरावट होगी जिस वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिलेगी।

# 11 सालों में कई ऐतिहासिक काम हुए: योगी आदित्यनाथ




**लखनऊ।** केंद्र में भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार 11 वर्ष पूरे होने पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस वार्ता की। सीएम ने कहा कि बीते 11 वर्षों में कई ऐतिहासिक काम हुए। सीएम ने कहा कि वैश्विक मंच पर देश की छवि मजबूत हुई। एक भारत, श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 11 वर्ष का यह कार्यकाल एक विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के स्वर्णिम काल के लिए जाने जाएंगे। इन 11 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक स्तर पर भारत के विश्वास को सुदृढ़ करते हुए, भारत को न केवल वैश्विक पहचान दी है बल्कि स्वयं को खपाकर 140 करोड़ भारतीयों को भी एक विश्वास का प्रतीक बनाया है।

**आम जनता का विश्वास टूटा-सीएम योगी :** उन्होंने कहा कि आजादी के 65 वर्षों में कांग्रेस नेतृत्व की अस्थिर सरकारों के कारण आम जनता का विश्वास टूटा था, जो विश्वास खंडित हुआ था, वैश्विक मंच पर जो भारत की छवि तार तार हुई थी, पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व में तुष्टिकरण की राजनीति से मुक्त, एक भारत श्रेष्ठ भारत को साकार करने वाली, एक ऐसा नेतृत्व हमें मिला है, जिन्होंने पूरे भारत को विश्वास का प्रतीक एक सुदृढ़ नींव रखते हुए अगले 25 वर्षों की योजना भी सामने रखी है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक मोर्चे पर भारत ने नई पहचान बनाई है। कार्यप्रणाली की पारदर्शिता और जनता के प्रति जवाबदेही शासन के प्रति नई पहचान बनी है, बल्कि यह विरासत और विकास में समन्वय करते हुए, आज भारत को नई पहचान दिलाई है। अब चेहरा देखकर नहीं बल्कि पात्रता देखकर लोगों को योजनाओं का लाभ मिलता है। शासन अब तुष्टिकरण के आधार पर नहीं बल्कि संतुष्टिकरण के आधार पर कार्ययोजना को आगे बढाएगा। मिनिमम गवर्नमेंट और मैक्सिमम गवर्नेंस का प्रतीक भी हमें देखने को मिला है।

सीएम ने कहा कि ये कालखंड एक ऐसे समय में पूरा हो रहा है जब दुनिया ने भारत के सैन्य शक्ति की पाकिस्तान में टेस्टेड और दुनिया के द्वारा ट्रस्टेड उस ताकत को देखा है जो ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से देखने को मिला है।

अब वह प्रवृति नहीं जो 2014 से पहले होता था कि भारत शांति का पक्षधर है। पीएम मोदी ने न्यू नॉर्मल के माध्यम से उस अवधारणा को पलट कर के, मित्रों के साथ सौहार्द के साथ विकास की बात करेंगे लेकिन अगर कोई हमपर युद्ध थोपेगा। भारत में आतंकवाद बढ़ाएगा तो उसका अजाम सर्जिकल स्ट्राइक, एयर स्ट्राइक और ऑपरेशन सिंदूर ही होगा।

# राजा रघुवंशी हत्याकांड : शादी के 3 दिन बाद ही मर्डर की प्लानिंग




इंदौर। राजा रघुवंशी हत्याकांड इस वक्त सुर्खियों में बना हुआ है। राजा की हत्या के आरोप में उसकी पत्नी समेत 5 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इसी बीच इस केस में सोनम और प्रेमी राज की चैट से एक और बड़ा खुलासा हुआ है। जिसके अनुसार सोनम ने पति के हत्या का प्लान शादी के तीसरे दिन ही बना लिया था। प्लान के मुताबिक ही वह राजा को घर से दूर शिलॉन्ग के दुर्गम पहाड़ियों पर हनीमून के लिए लेकर गई थी।

चैट में उसने प्रेमी राज से कहा था कि वह खुश नहीं है और राजा उसके करीब आ रहा है, जो उसे बिल्कुल भी अच्छा नहीं लग रहा है। सोनम ने राजा को मारने का प्लान राज के साथ मिलकर ही रचा था। चैट से ये भी खुलासा हुआ है कि सोनम ने शिलॉन्ग जाने का टिकट तो किया था, लेकिन आने का नहीं किया था।

**प्लान के मुताबिक ही लेकर गई थी शिलॉन्ग :** सोनम, राजा को प्लान के मुताबिक ही इंदौर से शिलॉन्ग लेकर गई थी। इसके बाद वहां उसकी सुपारी देकर हत्या करा दी। राजा के परिजनों का जब दोनों से संपर्क नहीं हुआ तो भाई ने शिलॉन्ग पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद जांच में जुटी पुलिस 2 जून को राजा का शव शिलॉन्ग के एक गांव में बरामद कर लिया। हालांकि, इसके बाद सोनम का पता नहीं चल रहा था। ऐसे में दावा किया जाने लगा कि सोनम की भी हत्या कर दी गई। वहीं, दावा यह भी किया गया कि सोनम मानव तस्करी का शिकार हो गई और उसे बांग्लादेशी संगठन उठा ले गए। लेकिन मामले में ट्वीस्ट 9 जून को आया। जब यूपी के गाजीपुर में सोनम ने सरेंडर कर दिया। साथ ही राजा की हत्या में शामिल 4 अन्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### राज-सोनम की चैट्स से खुलासा

**राजा को बोला था कि चेन पहनकर आना :** सोनम ने पति राजा से हनीमून पर जाने के दौरान कहा था कि चेन पहनकर आना। क्योंकि शादी के तीन दिन बाद ही वह अपने मायके चली गई थी। वहीं, जब शिलॉन्ग जाने के लिए राजा उसे एयरपोर्ट पर मिला तो उसके गले में चेन थी। वीडियो पर कॉल पर जब राजा की मां ने उसे चेन पहने हुए देखा तो उसने पूछा कि तूने चेन क्यों पहनी है?

इस पर राजा ने मां से कहा था कि सोनम ने कहा था पहनने के लिए। वहीं आजतक से इंटरव्यू के दौरान राजा की मां ने बताया कि वह अपने साथ 25 से 30 हजार रुपये लेकर गया था। **सोनम कैसे पहुंची गाजीपुर, अब तक नहीं चल पाया पता :** सोनम शिलॉन्ग से डायरेक्ट गाजीपुर कैसे पहुंची, इसको लेकर अभी तक पता नहीं चल पाया है। फिलहाल उसके गाजीपुर पहुंचने को लेकर पुलिस गाजीपुर के टोल प्लाजा की सीसीटीवी चेक कर रही है।

# कैबिनेट की मीटिंग में मुख्यमंत्री नीतीश ने 22 प्रस्ताव पर लगाई मुहर




**पटना।** सीएम नीतीश कुमार ने कुल 22 प्रस्तावों को स्वीकृति दी। आगामी चुनाव से पहले नौकरी को लेकर किए गए अपने वादे को सीएम नीतीश कुमार हर हाल में पूरा करना चाहते हैं। इसी को देखते हुए उन्होंने कई विभागों में नए पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। इस बार सबसे अधिक पंचायती राज विभाग में पद सृजन के प्रस्ताव स्वीकृति दी गई है। इसके तहत पंचायत स्तर पर ग्राम पंचायत कार्यालय में निम्नवर्गीय लिपिक के 8093 पदों के सृजन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। पटना के राजवंशी नगर में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 36 नए पदों का सृजन किए गए हैं। इसके अलावा अन्य कई विभाग में भी नए पदों के सृजन के प्रस्ताव पर स्वीकृति प्रदर्शन की गई है। आइए जानते हैं सीएम नीतीश कुमार ने और किन-किन प्रस्तावों पर स्वीकृति दी।

1. खेल और युवा विकास, 2. महिला सशक्तीकरण, 3. जनजातीय विकास, 4. स्वास्थ्य सेवा, 5. जल संसाधन और बुनियादी ढांचा, 6. प्रशासनिक और नियामक सुधार, 7. विमानन और मंत्रिमंडल सचिवालय।

**महिला सरकारी सेवकों को मिलेगा यह लाभ :** बिहार सरकार अपने महिला सेवकों को पदस्थापन स्थल के निकट आवासन की सुविधा मुहैया कराने जा रही है। सरकारी महिला कर्मियों को उनके कार्यस्थल के आसपास लीज पर निजी आवासों को लेकर सरकार उन्हें मुहैया कराएगी।

# 'झुग्गी वालों की हाय लगेगी': पूर्व सीएम आतिशी को पुलिस ने हिरासत में लिया

### भाजपा और सीएम रेखा पर कसा तंज



**नई दिल्ली।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री को भूमिहीन कैंप पर एक प्रदर्शन के दौरान दिल्ली पुलिस ने हिरासत में ले लिया। मद्रासी कैंप, वजीरपुर के बाद अब कालकाजी के भूमिहीन कैंप पर बुलडोजर कार्रवाई का आम आदमी पार्टी खुलकर विरोध कर रही है।

आम आदमी पार्टी ने एक्स पर जानकारी देते हुए कहा कि भाजपा सरकार और दिल्ली पुलिस कान खोलकर सुन ले, उसकी तानाशाही और बुलडोजर एक्शन के खिलाफ आम आदमी पार्टी आवाज उठाती रही है और आगे भी उठाती रहेगी। हम ना तुमसे डरते हैं और न तुम्हारी पुलिस से।

**'भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाय लगेगी' :** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी ने कहा कि भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गीवासियों का श्राप लगेगा। आतिशी ने कहा कि भाजपा कल इन झुग्गियों को ध्वस्त करने जा रही है और मुझे आज जेल भेजा जा रहा है, क्योंकि मैं इन झुग्गीवासियों के लिए आवाज उठा रही हूं। भाजपा और रेखा गुप्ता को झुग्गी वालों की हाय लगेगी। भाजपा कभी वापस नहीं आएगी।

**'डीडीए ने दिया था नोटिस' :** इससे पहले सोमवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण ने उच्च न्यायालय के निर्देशों के बाद दक्षिण दिल्ली के कालकाजी एक्सटेंशन में भूमिहीन कैंप के सभी निवासियों को एक आधिकारिक नोटिस जारी किया, जिसमें उन्हें अवैध झोपड़ियों के आगामी विध्वंस को देखते हुए अपने परिसर खाली करने का निर्देश दिया गया।




# हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर पार्षदों ने फिर उठाई विरोध वाली आवाज

## कहा, हाउस टैक्स पर जल्द बुलाया जाए सदन, सभी जनप्रतिनिधि क्लियर करें स्टैंड

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पूर्व पार्षदों द्वारा शुरू की गई टैक्स बढ़ोत्तरी के विरोध में आवाज अब धीरे-धीरे मुखर होती जा रही है। नगर निगम के गाजियाबाद जनपद के सभी जनप्रतिनिधियों को नगर निगम के सदन में आमंत्रित किया जाए और सदन के सामने वह अपना स्टैंड क्लियर करें।




पार्षद लगातार इसको लेकर संगठित होकर विरोध और अपनी आवाज उठा रहे हैं। तो वह नगर निगम में महापौर और अधिकारियों से जल्द से जल्द हाउस टैक्स के विषय पर सदन बुलाने की मांग भी कर रहे हैं। मंगलवार को नगर निगम में बड़ी संख्या में पार्षद पहुंचे और उन्होंने महापौर सुनीता दयाल से तत्काल हाउस टैक्स के विषय पर सदन बुलाने की मांग रखी है। इस दौरान पार्षदों के बीच इस बात को लेकर भी रणनीति बनाई गई है कि टैक्स बढ़ोत्तरी के मुद्दे को लेकर इसके साथ ही नगर निगम के अधिकारियों द्वारा जो दावा किया जा रहा है कि नगर निगम के कुछ पार्षदों द्वारा हाउस टैक्स के समर्थन में पत्र लिखा गया है और समर्थन कर रहे हैं ,उसको लेकर भी पार्षदों ने कहा है कि सभी पार्षद जो हाउस टैक्स के पक्ष में हैं, वह भी और जो इसका विरोध कर रहे हैं वह भी लैटर लिखेंगे। जिसे सार्वजनिक किया जाए, मंगलवार को नगर निगम के सभागार में पार्षदों द्वारा इस बात को लेकर भी रणनीति बनाई गई है कि 2027 में विधानसभा का चुनाव होना है और इस चुनाव में पार्षद इस विषय को लेकर जनता के बीच में कैसे जाएंगे। जब हाउस टैक्स के मुद्दे पर वह खामोश बैठ जाएंगे तो। हालांकि बता दें की हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी और नगर निगम में पूर्व पार्षदों के बीच चल रहे पेपर वार का मामला हाई कोर्ट में पहुंच चुका है। जिसमें जून में जहां हाईकोर्ट बंद है, तो इस पूरे मामले में अगली सुनवाई जुलाई माह में होनी तय की गई बताई जा रही है।



### पार्षदों ने एक सुर में उठाई आवाज, बुलाया जाए हाउस टैक्स पर सदन

करंट क्राइम : नगर निगम के पार्षदों ने मंगलवार को नगर निगम में पहुंचकर एक मीटिंग की है। इस मीटिंग में राणनीति बनी है कि हाउस टैक्स के मुद्दे को लेकर जल्द से जल्द नगर निगम और महापौर द्वारा सदन बुलाना चाहिए। जिसमें पार्षदों से लेकर जनप्रतिनिधियों की स्थिति क्लियर हो कि वह हाउस टैक्स के विरोध में है या नहीं हैं, जो पक्ष में हैं वह भी अपना लैटर लिखेंगे और जो विपक्ष में है वह भी लैटर जारी करेंगे ताकि जनता के सामने इन्हें सार्वजनिक किया जा सके।

### जनप्रतिनिधियों को पार्षद लिखेंगे आमंत्रण पत्र

करंट क्राइम : नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स बढ़ाने के मुद्दे को लेकर जहां पूर्व पार्षद लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। तो वहीं अब नगर निगम सदन के पार्षद भी खुलकर सामने आने लगे हैं। मंगलवार को पार्षदों ने जो मीटिंग रखी है, उसमें रणनीति बनाई गई है कि गाजियाबाद के सांसद, विधायक, कैबिनेट मंत्री, राज्य मंत्री और एमएलसी को नगर निगम के सदन में बुलाया जाए। उनसे हाउस टैक्स के मुद्दे पर उनकी राय ली जाए और जो हो उसे सार्वजनिक किया जाएगा। पार्षदों का कहना है कि 2027 में विधानसभा का चुनाव है और हाउस टैक्स बढ़ोत्तरी का विषय अब बेहद बड़ा और प्रमुख बनता जा रहा है।

### सिटी से लेकर नदिया पार के पार्षद रहे बैठक में मौजूद

करंट क्राइम : हाउस टैक्स की बढ़ोत्तरी का विषय अब गाजियाबाद नगर निगम और जनप्रतिनिधियों के लिए एक बड़ा विषय होता जा रहा है। इसको लेकर मंगलवार को एक बार फिर नगर निगम के वर्तमान पार्षदों का जोश और विरोध नजर




आया है। नगर निगम में हुई बैठक के दौरान प्रमुख रूप से सिटी और नदिया पार के पार्षद रहे। जिसमें मुख्य रूप से पार्षद नीरज गोयल, गौरव सोलंकी, पूनम सिंह, देवनारायण शर्मा, कन्हैया कुमार ओम प्रकाश ओड, राजकुमार सिंह, अजीत निगम, अभिनव जैन, कुलदीप त्यागी, सुधीर कुमार, राजकुमार भाटी, प्रवीण भाटी, नरेश भाटी, पवन गौतम और डॉ. अनिल तोमर प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी ने हाउस टैक्स के विरोध में जल्द से जल्द नगर निगम को सदन बुलाने की चेतावनी भी दी है।

### अगर नहीं सुनी गई पार्षदों की बात, तो खुद ही बुलाएंगे सदन की मीटिंग

करंट क्राइम : उधर मंगलवार को नगर निगम में पार्षदों की हुई बैठक में इस बात की भी चर्चा जोरों पर रही है कि अगर महापौर सुनीता दयाल और निगम द्वारा हाउस टैक्स के विषय को लेकर जल्द ही सदन नहीं बुलाया जाता है, तो पार्षद खुद सभी पार्षदों और पूर्व पार्षदों के साथ ही जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करेंगे कि वह इस विषय में नगर निगम के सदन में आए और जनता के हित में बड़ा फैसला लें।

# राष्ट्रीय लोकदल के किस बड़े नेता के बिहेव को लेकर हो गई शिकायत

## अनुसूचित समाज के नेताओं का अपमान करने से जुड़ा है मामला

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** रालोद में इन दिनों सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। बाहर से सब ठीक दिखाई दे रहा है, लेकिन अंदर कहानी वीक वाली बताई जा रही है। रालोद अब सरकार में सहयोगी है। रालोद के मुखिया अब सरकार में मंत्री हैं और ऐसे में मामला रालोद के भीतर चल रही उठा-पटक को लेकर सामने आया है। दरअसल पूरा मेटर एक लेटर से जुड़ा है और लेटर के शब्दों ने रालोद की राजनीति में तूफान मचा दिया है। बताया जाता है कि रालोद के एक बड़े नेता पर ये आरोप है कि वो अनुसूचित समाज के नेताओं का अपमान करते हैं और रालोद के ही एक बड़े नेता ने




उन्हें पत्र लिखकर अपना व्यवहार सुधारने की नसीहत दी है। बात पहले रालोद के भीतर चल रही थी, लेकिन हैंडपंप वालों के यहां कहानी में जंब तब आ गया जब ये लेटर वायरल होकर बाहर आ गया।

सूत्र बताते हैं कि एक बड़े नेता को दूसरे बड़े नेता ने ये पत्र लिखा है। इस पत्र में उन्होंने ये बताया है कि कैसे रालोद के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी नेता द्वारा अनुसूचित समाज के व्यक्तियों का अपमान किया गया है। पत्र में रालोद के नेता द्वारा अनुसूचित समाज के नेताओं को मंच से उतारने की बात भी कही गई है और इस बात का भी हवाला दिया गया है कि रालोद के इन बड़े पदाधिकारी ने जातिसूचक शब्द भी कहे हैं। ये पूरा मेटर एक लेटर में है और ये लेटर वायरल हो गया। वायरल होने के बाद रालोद में ही खलबली मच गई।

खास बात ये है कि हैंडपंप वाले ही इस लेटर को एक-दूसरे को फॉरवर्ड कर रहे हैं। जिन नेता पर अनुसूचित जाति के नेताओं को अपमानित करने, उन्हें जातिसूचक शब्द कहने का आरोप लगा है उन नेता का कद राजनीति में काफी बड़ा बताया जाता है। रालोद की राजनीति में उनके पास हमेशा बड़ा पद रहा है। हालांकि रालोद की ही एक लॉबी इस पूरे मामले को इंटरनल राजनीति से भी जोड़कर देख रही है। उनका कहना है कि जिन नेता पर आरोप लगे हैं वो राजनीति के पुराने दिग्गज हैं। वो राजनीति की अच्छी समझ रखते हैं और उनसे ये उम्मीद नहीं की जा सकती कि वो ऐसा व्यवहार करेंगे, लिहाजा इस शिकायती पत्र की एक वजह ये भी हो सकती है कि उन बड़े नेता को डाउन करने की कोशिश हो और उसी कोशिश में ये पत्र वायरल किया गया हो। बहरहाल वजह जो भी हो, लेकिन बड़े नेता के इस लेटर ने खलबली मचा दी है और मामले में अनुसूचित समाज आने के बाद अब कहानी दूसरा मोड़ लेने लगी है।

# रूस में लाखों की संख्या में रोजगार के अवसर उपलब्ध : राकेश कुमार यादव





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** भारत सरकार के विदेश मंत्रालय द्वारा-रूस में रोजगार के अवसर की सम्भावनाओं के अन्तर्गत भारत-रूस दूतावास के समन्वय से देश के रिक्रूटिंग एजेंसीज का प्रतिनिधि मण्डल भेजा गया, जिसमें विभित्र प्रान्तों से 35 रिकूटिंग एजेंट्स को अधिकृत कर दिनांक 4.6.2025 से 7.6.2025 तक रूस के विभीन्न शहरों में वहां के एम्प्लॉयर्स, उद्योगों और मेन पावर एजेसियों की सहयोगिता करा कर कुशल एवं, अकुशल की आवश्यकता के अनुरूप रोजगार सृजन का कार्य कराया गया।

उल्लेखनीय है रूस में वर्तमान में लगभग 5-6 लाख रोजगार के अवसर हैं। भारत से भेजे गये प्रतिनिधिमण्डल में उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र गोरखपुर से एक और पश्चिमी क्षेत्र से केवल एक प्रतिनिधि का चयन किया गया, जिसमें से गाजियाबाद की The Overseas Management And Employment Services (C-87, Rajnagar Gaziabad) को यह अवसर मिला, उक्त एजेन्सी के प्रबन्ध निदेशक राकेश कुमार यादव ने बताया कि रूस में वर्तमान में लाखो लोगों को रोजगार दिलाया जा सकता है और उनके द्वारा इस दिशा मे कार्य भी शुरू कर दिया गया है, शीघ्र ही लोग रोजगार प्राप्त कर सकेंगे।

# स्टांप विक्रेता की कार ओवरटेक कर 15 लाख की लूट, पुलिस जांच में जुटी

## टीलामोड थानाक्षेत्र की ऑक्सी होम सोसाइटी के निकट का मामला



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** मंगलवार की शाम ट्रांस हिंडन जोन अंतर्गत आने वाले टीलामोड थानाक्षेत्र के ऑक्सी होम्स बिल्डिंग के निकट सिल्वर कलर की बलैनो कार सवार बदमाशों ने स्टांप विक्रेता विशाल गुप्ता की कार को ओवरटेक किया और फिर हथियारों के बल पर कार में रखा 15 लाख रुपए का कैश लूट कर फरार हो गए।

इस मामले की जैसे ही स्थानीय पुलिस को सूचना मिली, पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच की जा रही है। डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल ने बताया है कि पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया है। बदमाशों की तलाश की जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिहानी गेट निवासी विशाल गुप्ता लोनी में स्टांप विक्रेता हैं।

वह मंगलवार को लोनी से गाजियाबाद आ रहे थे। इसी दौरान एक बिना नंबर की सिल्वर कलर बलैनो कार ने उनकी वैगनआर कारको ओवरटेक किया। जैसे ही कार से बदमाश उतरे और उनकी गाड़ी का शीशा तोड़कर पैसों से भरा बैग लूट कर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि इसमें 15 लाख रुपए के आसपास कैश था। यह घटना टीलामोड थानाक्षेत्र के ऑक्सी होम सोसाइटी के निकट हुई है।

### सीसीटीवी फुटेज और विवाद की हो रही है जांच

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लूट की इस बड़ी घटना की जानकारी जैसे ही पुलिस के अधिकारियों को लगी वह मौके पर पहुंच गए। पुलिस आसपास के कैमरे खंगालने के साथ ही पीड़ित के साथ किसी का विवाद या कोई अन्य लेनदेन के मामले को भी जोड़कर जांच कर रही है।

# मोदीनगर और निवाड़ी थाना प्रभारी लाइन हाजिर

## नरेश कुमार शर्मा और जयपाल सिंह को मिला प्रभार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कानून व्यवस्था की स्थिति और अपराध नियंत्रण में नाकाम चल रहे थाना प्रभारी निवाड़ी प्रभुदयाल और मोदीनगर प्रशांत त्यागी को लाइन हाजिर किया गया है। साथ ही लंबे समय से प्रभारी आईजीआरएस सेल नरेश कुमार शर्मा को थाना मोदीनगर का नया प्रभारी बनाया गया है।

वहीं अतिरिक्त निरीक्षक थाना नंदग्राम जयपाल सिंह रावत को निवाड़ी थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। दोनों इससे पहले मसूरी थाने में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। उधर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्र बता रहे हैं कि मोदीनगर में






लगातार घटनाएं हो रही थीं। साथ ही स्थानीय लोग और कई संगठन थाना प्रभारी और पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठ गए थे। इसके साथ ही थाना निवाड़ी में भी अपराध नियंत्रण की स्थिति मजबूत न चलने को लेकर पुलिस अधिकारियों द्वारा यह फैसला लिया गया है। उधर मोदी नगर के प्रभारी बनाए गए इंस्पेक्टर नरेश शर्मा पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में सिहानी गेट और मसूरी थाने में बेहतर पारी खेल चुके हैं। वहीं उनके नाम एक फुल एंकाउटर भी दर्ज है।

# रघुवंशी हत्याकांड : कातिलों को 15 हजार देकर बोली सोनम 'मारना तो पड़ेगा'

**नई दिल्ली, करंट क्राइम।** राजा रघुवंशी हत्याकांड में हर वक्त नए खुलासे हो रहे हैं। जांच में सामने आया कि सोनम ने अपने सामने राजा की हत्या कराई। सोनम ने राजा की पर्स से 15 हजार रुपए निकालकर आरोपियों को दिए और कहा 'मारना तो पड़ेगा'। सोनम ने काम होने के बाद 20 लाख रुपए देने का भी वादा किया था।

इस हत्याकांड में आगे पता चला है कि राजा को मारने के लिए 3 सुपारी किलर्स से सपना और राज ने 20 लाख रूपए में डील तय की थी, तीनों सुपारी



किलर्स असम के गुवाहाटी में मौजूद थे। गुवाहाटी में ही ऑनलाइन 'डाव' (छोटी कुल्हाड़ी) ऑर्डर की गई।

राजा और सोनम के शिलांग पहुंचने के बाद सोनम ने तीनों सुपारी किलर्स को अपने वहां पहुंचने की लोकेशन सेंड की, सोनम की लोकेशन से ठीक 1 किलोमीटर दूर ही किलर्स ने होटल लिया था।

आरोपियों ने पुलिस की पूछताछ में कबूल किया है कि राजा को मारने के लिए सोनम ने उन्हें 20 लाख रूपए देने का वायदा किया था जो कि काम पूरा होने के बाद उन्हें मिलने थे।

सोनम ने अपने पति राजा की हत्या के लिए 23 मई को फोटोशूट का बहाना बनाया और राजा को कोरसा इलाके में मौजूद पहाड़ी पर ले गई।

# लखनवी अंदाज में बनेगा

## पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद लाइन का मुख्य गेट

### पहले से ज्यादा मॉडर्न नजर आएगा कमिश्नरेट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम:** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में लगातार पुराने भवन, बिल्डिंग, थाने और पुलिस कार्यालयों की दशा और दिशा सुधारी जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस लाइन गाजियाबाद कमिश्नरेट का नया गेट लखनवी अंदाज में बनाया जाएगा। इसका मॉडर्न लुक लेआउट बनकर तैयार हो गया है। जानकारी मिली है कि पुलिस लाइन गाजियाबाद का गेट मॉडर्न लुक बनाया जा रहा है। मुख्य



गेट के दोनों और हरियाली बनाई जाएगी ,तो यहां पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद भी ब्लैक पत्थर पर सिल्वर स्टीकर से लिखा जाएगा। साथ ही जो पिलर नुमा मुख्य गेट बनेगा उसमें लाइटिंग की व्यवस्था भी रहेगी।

### ब्लैक मार्बल से सजाया जा रहा है पुलिस ऑफिस का फ्रंट गेट

करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड द्वारा पुलिस ऑफिस का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही पुरानी बिल्डिंग को नया लुक देने का काम चल रहा है। वहीं मुख्य गेट के दोनों और ब्लैक मार्बल लगाया जा रहा है। जिसका निर्माण कार्य कुछ ही दिनों में पूरा हो जाएगा। साथ ही मुख्य गेट के दोनों द्वार पर लाइटिंग और पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के साथ ही यूपी पुलिस का लोगो भी इलेक्ट्रॉनिक लुक में लगाया जाएगा ताकि पुलिस ऑफिस का मुख्य गेट पहले से ज्यादा आकर्षक और दूर से ही सुंदर नजर आए।

### पुराना गेट आंधी तूफान में गया था टूट

करंट क्राइम : बता दें कि बीते दिनों गाजियाबाद और दिल्ली-एनसीआर में भीषण आंधी तूफान आया था। जिसके दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद पुलिस लाइन का मुख्य गेट और उसके ऊपर का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। साथ ही दीवार पर पेड़ गिर जाने की वजह से पुलिस कमिश्नरेट पुलिस लाइन के मुख्य गेट का बड़ा हिस्सा भी क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसके बाद इसे दोबारा से बनाने का काम शुरू कराया गया है। बताया जा रहा है कि जो पुलिस लाइन का नया मुख्य गेट बनेगा उसे लखनवी अंदाज में पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ की पुलिस लाइन के तर्ज पर बनाया जा रहा है। इसके लिए निर्माण कार्य शुरू हो गया है। साथ ही पुलिस लाइन के मुख्य गेट के निकट जो मदर डेयरी का काउंटर था, उसे भी अंदर शिफ्ट कर दिया गया है ताकि निर्माण में किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए।

## संपादकीय

# दांपत्य जीवन में भरोसा जरूरी

पिछले एक अरसे में नवदंपतियों के बीच बढ़ते अविश्वास और मतभेद के कारण कलह, मारपीट और तलाक के मामले बढ़े हैं। जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने का जो वचन दिया जाता है, वह कुछ दिनों या महीनों में टूटने लगता है।

भारत में विवाह एक पवित्र बंधन है, जिसमें जीवन भर के रिश्ते की बुनियाद पड़ती है। एक विश्वास के साथ युगल अपने नए जीवन की यात्रा आरंभ करता है। पति और पत्नी दोनों को भरोसा होता है कि जब भी वे मुश्किल डगर पर होंगे, तो एक-दूसरे को संभाल लेंगे। इंदौर के राजा रघुवंशी शादी के एक हफ्ते बाद अपनी मधुर स्मृतियों को सहेजने के लिए पत्नी के साथ जब मेघालय गए होंगे, तब उन्हें पता नहीं होगा कि वे कभी लौट कर घर नहीं आएंगे और उनका हनीमून एक भयावह घटना में बदल जाएगा।

शिलांग में पर्यटन के दौरान यह नवयुगल लापता हो गया था। इसके बाद एक खाई में राजा का शव मिला। तब से उनकी पत्नी सोनम गायब थी। पुलिस उसे ढूंढ़ती रही। सात दिन बाद पता चला कि वह गाजीपुर में है। इसके बाद देश को झकझोर देने वाली इस घटना से पर्दा उठ गया। पुलिस का दावा है कि सोनम ने ही पति की हत्या भाड़े के हत्यारों से कराई है। उसने आत्मसमर्पण जरूर कर दिया है, लेकिन सवाल उठता है कि अगर उसे आपत्ति थी, तो उसने यह शादी ही क्यों की?

मारपीट और हत्या के मामले बढ़े पिछले एक अरसे में नवदंपतियों के बीच बढ़ते अविश्वास और मतभेद के कारण कलह, मारपीट और तलाक के मामले बढ़े हैं। जीवन भर एक-दूसरे का साथ निभाने का जो वचन दिया जाता है, वह कुछ दिनों या महीनों में टूटने लगता है। दोनों पक्ष के परिवारों के समझाने-बुझाने पर भी कई बार पति-पत्नी साथ नहीं रहते और नवयुगल का घरौंदा बसने से पहले ही उजड़ जाता है।

मगर सवाल है कि वे कौन से कारण हैं, जिनकी वजह से नवदंपतियों में टकराव की नौबत पैदा होती है। इसे समझना होगा। दरअसल, इसके पीछे अति महत्त्वाकांक्षा, सुख-सुविधाएं और अवैध संबंध तो हैं ही, वहीं परिवार के दबाव में अनिच्छा से की गई शादी भी बड़ी वजह है। फिलहाल सोनम पर जो गंभीर आरोप लगे हैं, इसका जवाब अब उसी को देना है। मगर, इस घटना ने सभी को झकझोर दिया है।

# भारत में 46 करोड़ लोग कर रहे डिजिटल भुगतान का उपयोग

## सरकार की ओर से जारी दस्तावेज में दावा




**नईदिल्ली।** सरकार की ओर से जारी एक दस्तावेज में कहा गया है कि भारत में हुई डिजिटल भुगतान क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान खींचा है। मार्च 2025 में, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। भारत में डिजिटल भुगतान क्रांति ने वैश्विक ध्यान आकर्षित किया है। सरकार की ओर से जारी एक दस्तावेज में यह बात कही गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर जारी एक पुस्तिका में कहा गया है कि भारत की डिजिटल भुगतान प्रणाली विश्व के विभिन्न देशों से जुड़ गई है। दस्तावेज के अनुसार, भारत में हुई डिजिटल भुगतान क्रांति ने पूरी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है। मार्च 2025 में, यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) पर लगभग 24.77 लाख करोड़ रुपये के 1,830.151 करोड़ यूपीआई लेनदेन किए गए। यूपीआई प्रणाली का उपयोग वर्तमान में लगभग 46 करोड़ लोगों और 6.5 करोड़ व्यापारियों की ओर से किया जाता है। सरकार के अनुसार, छोटे से छोटे लेन-देन के लिए भी डिजिटल भुगतान किया जा रहा है, जिनमें से लगभग 50 प्रतिशत को छोटे या सूक्ष्म भुगतान के रूप में वर्गीकृत किया गया है। प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के बारे में बताया गया है कि मोदी सरकार ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और शासन में खामियों को दूर करने के लिए प्रौद्योगिकी और डिजिटल उपकरणों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया है।

सरकार ने बताया कि विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं में डीबीटी और आधार प्रमाणीकरण की शुरूआत से लाखों फर्जी लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें तंत्र से बाहर किया गया है। इससे सरकार को भारी बचत हुई है और नागरिकों को समय पर लाभ मिल रहा है। सरकार के अनुसार, 2015 से मार्च 2023 के बीच केंद्र ने डीबीटी के माध्यम से लाभ वितरण के कारण 3.48 लाख करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है। दस्तावेज के अनुसार पिछले 11 वर्षों के दौरान करोड़ों परिवारों को बैंक खाते, बीमा सहित कुछ सबसे बुनियादी सुविधाओं तक पहुंच मिली है। जानकारी के अनुसार, पिछले 11 वर्षों में 55.22 करोड़ जन धन खाते खोले गए हैं और 51 करोड़ लोगों को पीएम सुरक्षा बीमा योजना के तहत कवर किया गया है।

# उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार में सपाट क्लोजिंग

## सेंसेक्स 53 अंक फिसला, निफ्टी भी सुस्त

**नई दिल्ली।** मंगलवार को 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 53.49 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 1.05 अंक या 0 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर आ गया। हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन सेंसेक्स और निफ्टी में सुस्ती दिखी। उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार सपाट बंद हुआ।



30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 53.49 अंक या 0.06 प्रतिशत गिरकर 82,391.72 अंक पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी 1.05 अंक या 0 प्रतिशत की मामूली बढ़त के साथ 25,104.25 अंक पर आ गया। रुपया मंगलवार को 4 पैसे की बढ़त के बाद 85.62 के स्तर पर बंद हुआ।

# ईडी ने 100 करोड़ रुपये मूल्य की 92 संपत्तियां जब्त कीं अब तक 400 करोड़ की संपत्ति पर कार्रवाई

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) की साइटों के आवंटन में बड़े पैमाने पर हुए घोटाले से जुड़े मामले में 100 करोड़ रुपये के बाजार मूल्य वाली 92 संपत्तियों को अस्थायी रूप से कुर्क किया है।

अधिकारियों ने बताया कि केंद्रीय एजेंसी ने अब तक 400 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है। एजेंसी ने आरोप लगाया है कि कुर्क की गई संपत्तियां हाउसिंग कोऑपरेटिव सोसायटियों और ऐसे लोगों के नाम पर पंजीकृत हैं, जो एमयूडीए अधिकारियों सहित कुछ प्रभावशाली लोगों के लिए मुखौटा यानी डमी के रूप में काम कर रहे हैं।

ईडी ने कहा, ईडी की ओर से कुर्क की गई 92 एमयूडीए साइटें 160 एमयूडीए साइटों की पिछली कुर्की से संबंधित हैं, इनका बाजार मूल्य लगभग



300 करोड़ रुपये है। ईडी ने बताया कि अब तक अस्थायी रूप से जब्त अपराध की आय का संचयी बाजार मूल्य लगभग 400 करोड़ रुपये है।

एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है, ईडी ने लोकायुक्त पुलिस मैसूर की ओर से भारतीय दंड संहिता, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत सिद्धारमैया और अन्य, जो कर्नाटक के वर्तमान मुख्यमंत्री हैं, के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के आधार पर जांच शुरू की है। इसमें कहा गया है कि कुर्की सोमवार को की गई। ईडी की जांच से पता चला है कि विभिन्न कानूनों और सरकारी आदेशों/दिशानिर्देशों का उल्लंघन करके तथा अन्य धोखाधड़ीपूर्ण तरीकों से एमयूडीए साइटों के आवंटन में बड़े पैमाने पर घोटाला किया गया। ईडी ने कहा कि जीटी दिनेश कुमार सहित पूर्व एमयूडीए आयुक्तों की भूमिका अयोग्य संस्थाओं और व्यक्तियों को मुआवजा स्थलों के अवैध आवंटन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली के रूप में सामने आई है केंद्रीय जांच एजेंसी ने नकदी, बैंक हस्तांतरण, चल और अचल संपत्तियों के रूप में अवैध आवंटन करने के लिए रिश्वत के लेन-देन को दशार्ने वाले साक्ष्य एकत्र किए हैं।

# 'एफडीआई में गिरावट नहीं', मंत्री पीयूष गोयल बोले- 11 वर्षों में देश में आया 749 अरब डॉलर का विदेशी निवेश



**नई दिल्ली।** भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) में कोई गिरावट नहीं आई है। वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने यह दावा किया है। उन्होंने कहा है कि वैश्विक ब्याज दरों में बदलाव से एफडीआई में उतार-चढ़ाव देखने को मिल सकता है।

### सराकर सुझावों के लिए तैयार

मंत्री ने आगे कहा कि भारत में विदेशी निवेशकों की वृद्धि हो रही है। सरकार सुझावों के लिए तैयार है और हम एफडीआई को बढ़ावा देने वाले उपाय को अपनाएं। पिछले 11 वित्तीय वर्षों (2014-25) में भारत ने 748.78 अरब डॉलर का एफडीआई आकर्षित किया है। यह आंकड़ा 2003 से लेकर 2014 की तुलना में 143 प्रतिशत अधिक है। इन वर्षों में मात्र 308.38 अरब का ही निवेश हुआ था।

### 112 देशों की पहली पसंद बना भारत

इसके अलावा, एफडीआई के लिए भारत पहली पसंद बनता जा रहा है। भारत में 112 देशों से प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है। साल 2013-14 में यह संख्या केवल 89 थी। उन्होंने वैश्विक स्तर पर निवेशकों के बीच भारत की बढ़ती लोकप्रियता का संकेत दिया।

### भारत में पैसा वापस आ रहा है- मंत्री

मंत्री ने कहा कि इन आंकड़ों को देखते हुए नहीं लगता कि कोई गिरावट की प्रवृत्ति है। समय-समय पर कुछ बदलाव जरूर हो सकते हैं और ऐसा अन्य देशों में ब्याज दरों में बदलाव के कारण होता है। इसलिए अगर किसी देश में बॉन्ड यील्ड अधिक हो जाते हैं, तो वहां पैसे का प्रवाह भी बढ़ जाता है। भारत में पैसा वापस आ रहा है। उन्होंने कहा कि 2024-25 में भारत को कुल 81 अरब डॉलर का एफडीआई प्राप्त हुआ । यह पिछले तीन वर्षों में सबसे अधिक है। साथ ही 81 अरब डॉलर के साथ भारत एफडीआई वृद्धि पथ पर वापस आ गया है।

## रोचक तथ्यों का करंट

- 350 मिलियन वर्ष पहले, सऊदी अरब में 20 फुट लंबा मशरूम मौजूद था। इसकी उस समय सूखी जमीन पर सबसे बड़ी जीवित चीज होने की संभावना थी।
- आधुनिक अध्ययनों से पता चलता है कि मशरूम जीवाणुरोधी, एंटी-इन्फ्लैमेटरीज और एंटीऑक्सिडेंट्स के लिए उपयोगी हो सकते हैं।
- क्या आप जानते हैं? कई पौधे मशरूम के साथ सहजीवन (जिसे मायकोर्हिज़िअल रिश्ते कहा जाता है) में रहते हैं। कवक के मायसेलियम (हाइफे के धागे-जैसा द्रव्यमान) पोषक तत्वों के साथ पौधे की जड़ का पोषण करता है, और बदले में यह पौधों द्वारा उत्पादन किये हुए भोजन को प्राप्त करता है।
- जिली ट्रवानंगन, बाली में एक छोटा सा द्वीप है, जिसमें मुख्य रूप से मुस्लिम आबादी है। यहाँ शराब पर कठोर पाबन्दी है, लेकिन द्वीपवासी खुलेआम और कानूनी रूप से मिल्कशेक में नियमित रूप से मैजिक मशरूम बेचते हैं और उपभोग करते हैं और इसे आलू के चिप्स की तरह खाते हैं!
- पारंपरिक चीनी दवा ने सदियों से मशरूम के औषधीय गुणों का उपयोग किया है।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

लड़की - क्या कर रहे हो..?
बंटी - मच्छर मार रहा हूं..!
लड़की - कितने मारे..?
बंटी - पांच मारे। तीन फीमेल और दो मेल!
लड़की - कैसे पता चला कि मेल कौन है
और फीमेल कौन..?
बंटी - तीन आईने पर बैठे थे और दो बियर के पास।

---

टीचर ने कक्षा में बच्चों से पूछा, दहेज किसे कहते हैं?
जवाब सुनकर टीचर हैरान हो गया।
जब कोई लड़का किसी लड़की को जीवन भर झेलने के लिए तैयार हो जाता है तो इसके बदले उसे दी जाने वाली प्रोत्साहन राशि को दहेज कहते हैं।

---

मौंटू- यार सिर में बहुत दर्द हो रहा है।
शौंटी- सिरदर्द होने पर कुछ देर गर्लफ्रेंड से जरूर बात करो।
मौंटी- क्यों?
शौंटी- तुमने सुना नहीं है, जहर ही जहर को मारता है।

## 11 06 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

# आज के जन्मदिन


लालू प्रसाद यादव
राजनेता


नियति राज


विवान त्यागी


बोईशाली एस


नीलिमा झां


कैप्टन विकास गुप्ता


अमित प्रताप


अर्पण त्यागी


अतुल रश्मि



भगवत सिंह भाटी


शरदेंदू शर्मा


जितेंद्र भाटी


पवन शर्मा


प्रदीप पाठक


चरणजीत


रोहित प्रधान


उदयन अरविंद प्रभात


उमेश चंद पंत


राहुल वत्स


प्रवीण मिश्रा


विकास मिश्रा


राजेश त्यागी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# आईएसएसएफ विश्व कप में तीन भारतीयों का डेब्यू, अनुभवी इलावेनिल से पदक की उम्मीदें



**नई दिल्ली।** दो बार की पदक विजेता इलावेनिल वालारिवन से मंगलवार को आईएसएसएफ (अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ) के साल के तीसरे विश्व कप के पहले दिन पदक की सबसे ज्यादा उम्मीदें होंगी क्योंकि उनके अलावा देश के तीन निशानेबाज महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पधाओं में पहली बार इस आयोजन में भाग लेंगे।

महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल और पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल स्पधाओं के फाइनल मंगलवार को होंगे। इसके अलावा 10 स्पधाओं में से चार के लिए एलिमिनेशन और क्वालिफिकेशन शुरू होंगे। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) ने इस टूनामेंट के लिए निशानेबाजों की 22 सदस्यीय दल भेजी है।इसमें दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर के अलावा किरण अंकुश जाधव दो व्यक्तिगत स्पधाओं में भाग लेंगी।

भारत पहले दिन दो पदक स्पधाओं में विश्व कप में पदार्पण करने वाले तीन खिलाड़ियों को मैदान में उतार रहा है। इसमें राष्ट्रीय चैंपियन अनन्या नायडू महिला स्पर्धा में तथा आदित्य मालरा और निशांत रावत पुरुष स्पर्धा में इस स्तर पर पहली बार किस्मत आजमायेंगे। भारत की दूसरी एयर राइफल निशानेबाज आर्या बोरसे भी सीनियर स्तर पर अपने शुरूआती साल में है। वह हालांकि शानदार फॉर्म में है। उसने ब्यूनस आयर्स और लीमा में वर्ष के पहले दो विश्व कप चरणों में क्रमशः एक व्यक्तिगत फाइनल में जगह बनाई तथा दो मिश्रित टीम रजत पदक जीते। इससे दो बार की ओलंपियन और दो बार की व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक विजेता इलावेनिल और एशियाई चैंपियनशिप विजेता और चार बार के विश्व कप पदक विजेता वरुण तोमर को दोनों स्पधाओं में सीनियर की जिम्मेदारी संभालनी होगी।भारतीय राइफल कोच दीपाली देशपांडे ने सोमवार को टीम के अभ्यास सत्र से पहले कहा, 'म्यूनिख निशानेबाजी परिसर से हमारे निशानेबाज अच्छी तरह परिचित है। ये सभी यूरोपीय सर्किट पर विभिन्न आयोजनों के लिए कई बार यहां आ चूके है। वे अभ्यास में अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं, देखते हैं मुकाबले में क्या होता है।'

भारत ने इस साल की शुरूआत में दक्षिण अमेरिका में हुए विश्व कप के पहले दो चरणों में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया था। भारतीय निशानेबाज विश्व कप के साल के शुरूआती दो चरण की सफलताओं को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे। राष्ट्रीय पिस्टल कोच समरेश जंग ने कहा, 'हमारे निशानेबाज लय में हैं। सभी फिट है इसलिए हम अच्छे प्रदर्शन को लेकर आश्वस्त है।'

प्रतियोगिता के शुरूआती दिन महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल और पुरुषों की थ्री पी टीम भी चुनौती देती दिखेगी। मनु भाकर, ईशा सिंह और सिमरनप्रीत कौर की तिकड़ी एक बार फिर अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने की कोशिश करेगी। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता स्वप्निल कुसाले और अनुभवी चैन सिंह के अलावा किरण जाधव की मौजूदगी वाली पुरुषों की थ्रीपी टीम बुधवार को होने वाले क्वालिफिकेशन और फाइनल से पहले एलिमिनेशन चरण से आगे बढ़ने की कोशिश करेगी।

# यानिक सिनर शीर्ष पर, बोइसों ने 296 स्थान की लंबी छलांग लगाई ; सबालेंका की बादशाहत बरकरार



**फ्रेंच ओपन।** फ्रेंच ओपन में शानदार प्रदर्शन करने वाली लोइस बोइसों सोमवार को जारी नवीनतम डब्ल्यूटीए रैंकिंग में 296 अंक की लंबी छलांग के साथ 65वें स्थान पर पहुंच गई हैं। फ्रांस की बोइसों फ्रेंच ओपन टेनिस टूनामेंट से पहले 361वें स्थान पर थीं लेकिन पिछले हफ्ते इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता में सेमीफाइनल में जगह बनाने की बदौलत लंबी छलांग लगाने में सफल रहीं।

## सबालेंका का दबदबा बरकरार

कोको गॉफ ने सेमीफाइनल में बोइसों को हराया और फिर अपना पहला फ्रेंच ओपन खिताब जीता। डब्ल्यूटीए रैंकिंग के शीर्ष पर कोई बदलाव नहीं हुआ है। आर्यना सबालेंका शीर्ष पर बरकरार हैं। गॉफ और उनकी साथी अमेरिकी खिलाड़ी जेसिका पेगुला क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर हैं। सबालेंका को रोलां गैरो पर फाइनल में गॉफ के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी थी। वाइल्ड कार्ड धारक बोइसों ने तीसरी वरीय पेगुला को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई थी और फिर छठे नंबर की खिलाड़ी मीरा आंद्रीवा को हराया।

## सिनर शीर्ष पर मौजूद

रोलां गैरो पर सबसे लंबे फाइनल में शीर्ष वरीय यानिक सिनर को हराकर अपने खिताब की रक्षा करने वाले कार्लोस अल्कारेज पुरुष एटीपी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर कायम हैं। इतालवी खिलाड़ी सिनर फाइनल में हार के बावजूद शीर्ष पर हैं। सिनर ने अल्कारेज पर 2030 अंक की बढ़त बना रखी है। एलेक्जेंडर ज्वेरेव तीसरे स्थान पर हैं। जैक ड्रैपर चौथे जबकि नोवाक जोकोविच पांचवें पायदान पर हैं।

## ऋतुराज गायकवाड यॉर्कशायर से काउंटी क्रिकेट खेलेंगे

# वनडे कप तक टीम के साथ रहेंगे

# इंडिया-ए से टेस्ट खेलने का मौका नहीं मिला



**मुंबई।** महाराष्ट्र के बैटर ऋतुराज गायकवाड ने यॉर्कशायर काउंटी टीम से क्रिकेट खेलने की डील साइन की है। वे इस सीजन वनडे कप खत्म होने तक टीम के साथ बने रहेंगे। उन्हें इंग्लैंड लायंस के खिलाफ 2 अनऑफिशियल टेस्ट खेलने के लिए इंडिया-ए के स्क्वॉड में जगह मिली थी, लेकिन उन्हें एक भी मुकाबला नहीं खिलाया गया।

जुलाई में टीम के साथ जुड़ेंगे ऋतुराज गायकवाड पहली बार काउंटी क्रिकेट खेलने नजर आएंगे। वे जुलाई में सरे के खिलाफ यॉर्कशायर से मैच खेलेंगे। यहां से वे इंग्लैंड का घरेलू सीजन खत्म होने तक यॉर्कशायर से ही वनडे कप भी खेलेंगे।

2 महीने से क्रिकेट से दूर हैं गायकवाड आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ऋतुराज गायकवाड कोहनी में इंजरी के कारण 10 अप्रैल को टूनामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह एमएस धोनी ने कमान संभाली, लेकिन टीम 10वें नंबर पर रही। गायकवाड ने 8 अप्रैल को आखिरी मैच खेला था, इसके बाद से वे कोई भी मुकाबला नहीं खेल सके। काउंटी खेलने के लिए उत्साहित हूं- गायकवाड 28 साल के ऋतुराज ने कहा, 'मैं काउंटी क्रिकेट खेलने के लिए उत्साहित हूं। मैं हमेशा से इंग्लैंड में क्रिकेट खेलना चाहता था और यहां के घरेलू क्रिकेट में यॉर्कशायर से बड़ा कोई क्लब भी नहीं। काउंटी चैंपियनशिप में कुछ अहम मैचों के दौरान मुझे मौका मिलेगा। मैं वनडे कप में भी टीम को चैंपियन बनाना चाहता हूं।'

कोच बोले- टीम की बैटिंग मजबूत होगी यॉर्कशायर के हेड कोच एंथनी मैक्ग्रा ने कहा, 'मैं बहुत खुश हूं कि ऋतुराज सेकेंड हाफ के लिए टीम से जुड़ेंगे। उनमें बहुत प्रतिभा है और जिस तरह का खिलाड़ी हम तलाश रहे हैं, उनमें वह सबकुछ है। ऋतुराज के आने से हमारी बैटिंग बहुत मजबूत होगी। वे जरूरत पड़ने पर तेज बैटिंग भी कर लेते हैं।'

गायकवाड 29 इंटरनेशनल मैच खेल चुके ऋतुराज गायकवाड भारत के लिए वनडे और टी-20 डेब्यू कर चुके हैं। उनके नाम 6 वनडे में 115 और 23 टी-20 में 633 रन हैं। वे 5 फिफ्टी और 1 सेंचुरी भी लगा चुके हैं। लिस्ट-ए क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने के साथ उनके नाम फर्स्ट क्लास क्रिकेट में 7 सेंचुरी भी हैं। वे उरङ के लिए 71 आईपीएल मैचों में 2502 रन भी बना चुके हैं।

# 'उनके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं', धोनी की प्रशंसा करते हुए रवि शास्त्री ने दिया अजीबो-गरीब बयान

**मुंबई।** पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का विकेटकीपिंग में कोई सानी नहीं है। पलक झपकते ही वह विकेट के पीछे गेंद लपक लेते हैं और बल्लेबाज को रवाना कर देते हैं। यही वजह है कि उन्हें विकेट के पीछे का जादूगर भी कहा जाता है। क्रिकेट जगत के तमाम दिग्गज उनकी इस कला की तारीफ भी करते हैं। ऐसा ही कुछ भारतीय टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने भी किया। उनका मानना है कि महेंद्र सिंह धोनी के हाथ जेबकतरे से भी तेज चलते हैं। वह पलक झपकते ही विकेट के पीछे से मैच का रुख पलट देते हैं।



## 'उनके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं'

आईसीसी के एक कार्यक्रम में रवि शास्त्री ने कहा- 'उसके हाथ जेबकतरे से भी तेज हैं। अगर आप कभी भारत में हों, कोई बड़ा मैच देखने जा रहे हों, खास तौर पर अहमदाबाद में तो आप नहीं चाहेंगे कि एमएस आपके पीछे हो; उस पीठ पर नजर रखें। बटुआ गायब हो जाएगा।' पूर्व क्रिकेटर का यह बयान अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा। शास्त्री ने भले ही धोनी की तारीफ करते हुए जेबकतरे से तुलना की है, लेकिन उन्होंने यह मजाकिया अंदाज में किया है।

इस दौरान रवि शास्त्री ने पूर्व भारतीय कप्तान के प्रति लोगों की दीवानगी पर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा- 'वह शून्य पर आउट हो जाता है, वह विश्व कप जीतता है, वह शतक भी बनाता है और दो सौ भी बनाता है। आप जानते हैं, इसमें कोई अंतर नहीं है।'

धोनी को आईसीसी हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया है। धोनी भारत के 11वें खिलाड़ी हैं जिन्हें इस सूची में शामिल किया गया है। आईसीसी ने सोमवार को इसकी जानकारी दी। धोनी के अलावा दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज हाशिम अमला, ऑस्ट्रेलिया के पूर्व बल्लेबाज मैथ्यू हेडन, दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ग्रीम स्मिथ, न्यूजीलैंड के पूर्व स्पिनर डेनियल विटोरी, पाकिस्तान महिला टीम की खिलाड़ी सना मीर और इंग्लैंड महिला टीम की खिलाड़ी सारा टेलर को भी इस सूची में शामिल किया गया है। कैप्टन कूल के नाम से प्रसिद्ध रहे धोनी भारत के सबसे सफल कप्तान में से एक हैं। रांची से आने वाले धोनी ने भारत को अपनी कप्तानी में 2007 टी20 विश्व कप, 2011 वनडे विश्व कप और 2013 चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब दिलाया था। धोनी भारत के एकमात्र कप्तान हैं जिनकी कप्तानी में टीम ने तीन आईसीसी खिताब जीते हैं।

### 2020 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को कहा था अलविदा

धोनी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लिए हुए करीब पांच साल हो गए हैं। धोनी ने भारत के लिए आखिरी मैच 2019 वनडे विश्व कप के सेमीफाइनल में खेला था। भारत वो मुकाबला हार गया था और टूर्नामेंट से बाहर हो गया था। इसके बाद धोनी ने भारत के लिए कोई मुकाबला नहीं खेला और फिर 15 अगस्त 2020 को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने का फैसला किया।

# भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने दोहराई गलती, पेनल्टी कॉर्नर बना कमजोरी

## नीदरलैंड से मिली लगातार दूसरी हार



**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को एफआईएच प्रो लीग के मुकाबले में नीदरलैंड से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। इससे पहले शनिवार को भी भारतीय टीम को नीदरलैंड से हार का सामना करना पड़ा था। भारतीय टीम के लिए पेनल्टी कॉर्नर एक बार फिर कमजोरी बना। भारतीय टीम इस मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर में से महज एक गोल में बदल सकी।

सात जून को पहले मैच में बढत बनाने के बावजूद 1-2 से हारी भारतीय टीम दूसरे मैच में भी उन्हीं गलतियों को दोहराती दिखी। भारत को पूरे मैच में नौ पेनल्टी कॉर्नर मिले जिनमें से सिर्फ एक पर जुगराज सिंह ने 54वें मिनट में गोल किया। भारत के लिए पहला गोल अभिषेक ने 20वें मिनट में किया था। नीदरलैंड के लिए थीज वैन डैम ने 24वें मिनट में, टी होडेमेकर्स ने 33वें और यिप यानसेन ने 57वें मिनट में गोल दागे। एफआईएच प्रो लीग के भुवनेश्वर चरण में आठ मैचों में 15 अंक लेकर भारत तीसरे स्थान पर है। उसे अगले साल विश्व कप के लिए प्रो लीग के जरिये क्वालिफाई करने के लिए यूरोप चरण से अधिकतम अंक बनाने होंगे लेकिन शुरूआती दोनों मैच हारने से राह कठिन हो गई है।

# भारत के सुमित नागल का खराब प्रदर्शन जारी

# एटीपी चैलेंजर सर्किट के पहले ही दौर में हारे



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार एकल टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल का खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें एटीपी चैलेंजर सर्किट टेनिस टूनामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा है। छठी वरीयता प्राप्त नागल को इस क्ले कोर्ट प्रतियोगिता के शुरूआती दौर में फ्रांस के गैरवरीय खिलाड़ी ज्योफ्रे ब्लैंकेनॉक्स के खिलाफ 4-6, 6-7 से हार का सामना करना पड़ा।

नागल पहला सेट गंवाने के बाद दूसरे सेट में एक ब्रेक से पिछड़ रहे थे जब उन्होंने आठवें गेम में विरोधी खिलाड़ी की सर्विस तोड़कर स्कोर बराबर किया और मुकाबले को निर्णायक सेट में खींचने की उम्मीद जगाई। ब्लैंकेनॉक्स और नागल को अपनी सर्विस बचाने में संघर्ष करना पड़ा और दूसरे सेट का फैसला टाईब्रेकर के जरिए हुआ जिसमें स्थानीय खिलाड़ी ने बाजी मारी। यह 2025 सत्र में चैलेंजर सर्किट पर नागल की छठी बार पहले दौर में हार थी। उन्होंने सत्र की शुरूआत शीर्ष 100 में की थी लेकिन अब उनकी रैंकिंग गिरकर 170 पर आ गई है।

# बंगलूरू भगदड़ मामले में कर्नाटक हाईकोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब, पूछे ये नौ सवाल



**– अदालत ने जवाबदेही पर जोर दिया और घटना तथा उसके बाद की स्थिति से निपटने में सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए।**

**बंगलूरू।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने बंगलूरू भगदड़ मामले पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। इस मामले में हुई गिरफ्तारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार से नौ सवाल पूछे हैं। अदालत ने जवाबदेही पर जोर दिया और घटना तथा उसके बाद की स्थिति से निपटने में सरकार के रवैये पर गंभीर सवाल उठाए। मालूम हो कि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 में खिताबी जीत के बाद आरसीबी के जीत के जश्न में भगदड़ मची थी जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से अधिक घायल हुए थे।

## हाईकोर्ट ने पूछे तीखे सवाल

सरकार की कार्रवाई का ब्यौरा मांगते हुए हाईकोर्ट ने कर्नाटक सरकार का प्रतिनिधित्व कर रहे महाधिवक्ता (एजी) से स्पष्टीकरण के लिए कई तीखे सवाल पूछे। अदालत को बताया गया कि भगदड़ की जांच सीआईडी को सौंप दी गई है। हालांकि, बेंगलुरु सेंट्रल क्राइम ब्रांच (सीसीबी) ने गिरफ्तारियां की हैं और कब्बन पार्क पुलिस द्वारा आरोपियों को पेश किया जा रहा है।

## सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए मांगा समय

राज्य सरकार ने जवाब दाखिल करने के लिए समय मांगा है तथा उम्मीद है कि वह अपना जवाब सीलबंद लिफाफे में प्रस्तुत करेगा। एजी ने अदालत को बताया कि आरोपी व्यक्ति अपनी गिरफ्तारी की वैधता को चुनौती देने और राहत पाने के लिए जांच और एजेंसियों के बीच विसंगति का हवाला दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस कारण न्याय को देखते हुए खुली अदालत में आगे के विवरण का खुलासा नहीं किया जा सकता है।

### हाईकोर्ट ने राज्य से नौ प्रमुख प्रश्न पूछे जो इस प्रकार है...

- विजय उत्सव मनाने का निर्णय कब और किसने लिया तथा इसे किस तरीके से आयोजित करना था?
- यातायात को विनियमित करने के लिए क्या कदम उठाए गए?
- प्रशंसक/भीड़ को नियंत्रित करने के लिए क्या कदम उठाए गए?
- आयोजन स्थल पर क्या चिकित्सा एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराई गई थीं?
- क्या समारोह के समय उपस्थित होने वाले लोगों की संख्या के बारे में पहले से कोई आकलन किया गया था?
- क्या घायल व्यक्तियों को तत्काल चिकित्सा सुविधा दी गई? यदि नहीं, तो क्यों?
- घायलों को अस्पताल पहुंचाने में कितना समय लगा?
- क्या किसी खेल आयोजन या इस प्रकार के उत्सव में 50000 या उससे अधिक की भीड़ के प्रबंधन के लिए कोई एसओपी (मानक संचालन प्रक्रिया) तैयार की गई थी?
- क्या कार्यक्रम आयोजित करने के लिए कोई अनुमति ली गई थी?

# दक्षिण अफ्रीका की नजरें पहले आईसीसी खिताब पर, सामने ऑस्ट्रेलिया की कठिन चुनौती





**नई दिल्ली।** विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2023-25 आखिरकार अपने अंजाम तक पहुंचने वाला है। इस चक्र के फाइनल की शुरूआत बुधवार 11 जून से होने जा रही है। फाइनल लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स के मैदान में खेला जाएगा। खिताबी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया का सामने मजबूत इरादे वाले दक्षिण अफ्रीका की चुनौती होगी जो खिताबी सूखे को खत्म करने के लिए बेकरार है। ऑस्ट्रेलिया इकलौती टीम है जिसने आईसीसी की चारों ट्रॉफी (वनडे विश्व कप, चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और डब्ल्यूटीसी) जीती है। किसी आईसीसी टूनामेंटों के फाइनल में उन्हें हराना और मुश्किल होता है। टीम आईसीसी टूनामेंटों में 13 बार फाइनल में पहुंची है और इसमें से 10 बार खिताब जीतने में सफल रही है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम अहम मैचों में जीत के करीब पहुंच कर फिसलने के लिए जानी जाती है और इस वजह से उन्हें 'चोकर्स' नाम दिया गया है। टीम ने अब तक आईसीसी का सिर्फ एक टूनामेंट जीता है। टीम ने 1998 में चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब जीता था। दक्षिण अफ्रीका की इस टीम में अनुभव और युवा खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है और टीम तटस्थ स्थल पर खेले जाने वाले इस मैच को जीत कर 'चोकर्स' के तमगे से पीछा छुड़ाना चाहेगी।

टीम ने डब्ल्यूटीसी के 2023-25 चक्र में सबसे ज्यादा 30 खिलाड़ियों का इस्तेमाल किया। इसमें से ज्यादातर खिलाड़ी सही समय पर रन बनाने वाले या विकेट लेने वाले निकले। टीम लगातार सात टेस्ट में जीत के साथ डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने के लिए तैयार है। उसने पिछले साल दिसंबर में ही इसका टिकट पक्का कर लिया था। ऑस्ट्रेलिया के लिए सबसे बड़ी चुनौती पारी का आगाज करने के लिए उस्मान ख्वाजा के साथी को तय करने की होगी। टीम के पास भारत के खिलाफ पिछले डब्ल्यूटीसी फाइनल खेलने वाले अंतिम एकादश से डेविड वार्नर को छोड़कर बाकी के 10 खिलाड़ी मौजूद है।

मध्यम गति के गेंदबाज जोश हेजलवुड उस मैच को चोट के कारण नहीं खेल पाये थे। वह हालांकि उस टीम में शामिल रहे स्कॉट बोलैंड की जगह लेने के लिए तैयार है। हेजलवुड ने कंधे की चोट से उबरते हुए पिछले सप्ताह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को आईपीएल चैंपियन बनाने में अहम भूमिका निभई। उन्होंने आईपीएल में 12 मैचों में 22 विकेट लेकर दमदार प्रदर्शन किया। सलामी बल्लेबाज के तौर पर वॉर्नर की जगह लेने वाले का फैसला अब भी नहीं हुआ है। 19 साल के सैम कोंस्टास ने भारत के खिलाफ आक्रामक तेवर से प्रभावित किया लेकिन लेकिन फरवरी में श्रीलंका में ट्रेविस हेड ने इस भूमिका को निभाया। माना जा रहा कि हेड एक बार भी इस भूमिका में दिखेंगे।

टीम के लिए मध्यक्रम में मार्नस लाबुशेन की फॉर्म चिंता की विषय है लेकिन हरफनमौला कैमरून ग्रीन ने सर्जरी से वापसी करते हुए काउंटी क्रिकेट में ग्लूस्टरशर का प्रतिनिधित्व करते हुए तीन शतक जड़ कर शानदार वापसी की है। ऑस्ट्रेलिया की गेंदबाजी में अनुभव की कोई कमी नहीं है। टीम में ऑस्ट्रेलिया के सर्वकालिक शीर्ष 10 विकेट लेने वालों में से चार गेंदबाज शामिल है। इसमें नाथन लियोन (553, तीसरे), मिशेल स्टार्क (382, चौथे), कप्तान पैट कमिंस (294, आठवें) और हेजलवुड (279, 10वें) का नाम हैं।

स्मिथ 36 साल के हो जाएंगे और उन्होंने मार्च के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट नहीं खेला है। यही हाल कोंस्टास, सलामी बल्लेबाज ख्वाजा, लियोन, बोलैंड और विकेटकीपर एलेक्स कैरी का भी है। स्मिथ ने हालांकि पिछले पांच टेस्ट मैचों में चार शतक जड़े है और उन्होंने 10,000 रनों का आंकड़ा भी पार कर लिया है। यह आंकड़ा दक्षिण अफ्रीका की पूरी टीम के रनों के लगभग बराबर है। लॉर्ड्स उनका औसत 58 के आसपास का है। उनके सामने सबसे बड़ी चुनौती कैगिसो रबाडा से निपटने की होगी। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाजों के लिए भी रबाडा मुश्किलें खड़ा करेंगे। उन्होंने 10 टेस्ट मैचों में ख्वाजा को पांच बार चलता किया है।

# 'गीता के नन्हे दूत' विषय पर आधारित गोकुल उत्सव 2025 का इस्कॉन गाजियाबाद में भव्य आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** श्री प्रभुपाद कांग्रिगेशन कोऑर्डिनेशन कमेटी (एसपी3सी), जो इस्कॉन की कांग्रिगेशन सेवा का समन्वयन करती है, ने 'गीता के नन्हे दूत' विषय पर आधारित गोकुल उत्सव 2025 का भव्य आयोजन किया। यह उत्सव विशेष रूप से बच्चों के लिए था, जिसमें 30 से अधिक इस्कॉन मंदिरों एवं केंद्रों से लगभग 500 बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

उत्सव में ऑनलाइन और ऑफलाइन मिलाकर 20 से अधिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं, जैसे: चित्रांकन एवं रंग भरना, भजन गायन व वाद्य यंत्र वादन, शास्त्रीय एवं भक्ति नृत्य, नैतिक एवं वैदिक मूल्यों पर आधारित, श्लोक उच्चारण, जीपीटी प्रेजेंटेशन और अन्य बाल प्रेरणादायक प्रतियोगिताएँ। इस उत्सव का उद्देश्य बच्चों में भगवद गीता के सन्देश के प्रति प्रेम, चरित्र निर्माण और आध्यात्मिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। बच्चों ने ग्रीष्मावकाश के इस अवकाश को भक्तिमय, ज्ञानवर्धक और आनंदपूर्ण रूप में व्यतीत किया।

इस्कॉन गाज़ियाबाद में उत्सव का समापन समारोह अत्यंत भव्य रूप में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम की परिकल्पना की प्रेरणा श्रीमान सुंदर गोपाल प्रभु (झोनल सुपरवाइजर – पश्चिमी यूपी एवं मध्य बिहार; चेयरमैन – इस्कॉन इंडिया यूथ काउंसिल) द्वारा प्राप्त हुई, जिन्होंने इस पर्व को बच्चों के समग्र विकास का माध्यम बनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम की गरिमामयी उपस्थिति में आदिकर्ता प्रभु (मंदिर अध्यक्ष, इस्कॉन गाज़ियाबाद) और मुख्य अतिथि अश्विन कुमार (निर्देशक, आगामी फिल्म 'महावतार नृसिंह'), अभिषेक शर्मा संयोजक, गाजियाबाद विकास मंच, दामोदर लीला दास विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने बच्चों में हो रहे इस प्रकार के मूल्यनिष्ठ निर्माण की सराहना की।

बच्चों के लिए 20 से अधिक प्रकार के स्वादिष्ट प्रसाद की भी व्यवस्था की गई, जिससे यह उत्सव संपूर्ण आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक अनुभव बन गया। गोकुल उत्सव केवल एक त्योहार नहीं, बल्कि यह एक आध्यात्मिक आन्दोलन है – बच्चों के लिए, बच्चों के माध्यम से, जो उन्हें आजीवन संस्कार, सेवा और साधना की ओर प्रेरित करेगा।

# फैक्ट्री में लूट का मामला: सभी सभासद मोदीनगर तहसील में धरने पर बैठे



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को सभासद संघर्ष समिति के बैनर तले सभी सभासद तहसील पर धरने पर बैठे। सभासद समिति अध्यक्ष वेद प्रकाश ने कहा की जब तक डकैती नहीं खुलेगी तब तक धरना चलेगा। सभासद संघर्ष समिति ने तय किया की तत्काल निवाड़ी थाना प्रभारी को लाइन हाजिर करो। इस धरने प्रदर्शन में वेदप्रकाश सभासद, प्रदीप शर्मा सभासद, ललित त्यागी सभासद, ललित मित्तल सभासद, जीतेन्द्र चौधरी सभासद, बॉबी चौधरी सभासद, अंकुर चौधरी सभासद, नरेन्द्र तोमर सभासद, धर्मवीर मास्टर सभासद, राहुल खटीक सभासद, गोल्डी नेहरा सभासद, सूबे सिंह सभासद, मोनू धामा सभासद, संजय चौधरी सभासद, दुश्यंत यादब सभासद रजनीश चौधरी सभासद और अमित कराते, मनीष अग्रवाल, संजय पिंडी, पुनीत त्यागी, लोकेश शर्मा, गुड्डु प्रधान, नरेन्द्र कुमार, अप्पू गुजर मुख्य रूप से मौजूद रहे।

# हापुड़ में 22 हेक्टेयर जमीन अधिग्रहण की पहली रजिस्ट्री

## 4 किसानों को मिला 12 करोड़ का मुआवजा, हरिपुर आवास योजना की शुरूआत



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़-पिलखुवा विकास प्राधिकरण ने हरिपुर आवासीय योजना की पहली रजिस्ट्री मंगलवार, 10 जून 2025 को पूरी कर ली। इस अवसर पर अफसरों ने चार किसानों को 12 करोड़ रुपये के मुआवजे के चेक सौंपकर योजना की औपचारिक शुरूआत की। यह योजना मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण योजना के तहत विकसित की जा रही है और इसका उद्देश्य हापुड़ को एक स्मार्ट, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल शहर के रूप में विकसित करना है।

### 20 साल बाद नई योजना की शुरूआत

एचपीडीए करीब दो दशक बाद किसी नई आवासीय योजना पर काम कर रहा है। हरिपुर योजना की शुरूआत 2024 में हुई थी, जिसे जून 2024 में मेरठ मंडलायुक्त सेल्वा कुमारी की अध्यक्षता में आयोजित 70वीं बोर्ड बैठक में मंजूरी मिली थी।

योजना के लिए 22 हेक्टेयर भूमि का अधिग्रहण प्रस्तावित है। किसानों को सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा दिया जा रहा है। भूमि अधिग्रहण की कुल लागत 145.47 करोड़ रुपये आंकी गई है, जिसमें से 72.735 करोड़ रुपये शासन द्वारा और 70 करोड़ रुपये सीड कैपिटल के रूप में स्वीकृत किए गए हैं।

मंगलवार को ग्राम चकसैनपुर उर्फ बाबूगढ़ के किसानों गजब सिंह, महेन्द्र सिंह, नरेन्द्र सिंह और सोमपाल सिंह को उनकी भूमि के एवज में 12 करोड़ रुपये के चेक प्रदान किए गए।

एचपीडीए के उपाध्यक्ष नितिन गौड़ ने बताया कि परियोजना को चरणबद्ध ढंग से विकसित किया जाएगा। उन्होंने इसे हापुड़ और एनसीआर क्षेत्र के लिए एक मॉडल परियोजना बताया। योजना के माध्यम से लोगों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त, सुरक्षित और समृद्ध जीवनशैली का अवसर मिलेगा।

# ईद के मौके पर अच्छी सफाई व्यवस्था के लिए पार्षद खुर्शीद कल्लन बेगम ने नगरायुक्त को धन्यवाद दिया



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड नंबर 34 की पार्षद खुर्शीद कल्लन बैगन ने बकरी ईद के मौके पर अच्छी सफाई व्यवस्था के लिए नगरायुक्त को पत्र के मध्य से धन्यवाद दिया। पार्षद ने कहा कि ईद के दौरान सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए नगरायुक्त ने जो इंतजाम किए, उसके लिए वह उनका आभार किया।

बकरी ईद के त्यौहार के दौरान, शहर में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए विशेष ध्यान दिया जाता है। कई लोग इस दौरान अपने घरों और आसपास के इलाकों की सफाई करते हैं। नगर निगम भी सफाई व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए सफाई कर्मचारियों को तैनात किया गया था।

उन्होंने कहा कि ईद के दौरान सफाई व्यवस्था को दुरुस्त रखने से शहर के लोगों को सुविधा मिलती है और त्यौहार को और भी अच्छे से मनाया जाता है।

# युवा उद्यमियों के लिए 5 लाख तक का लोन

## हापुड़ में 21 से 40 साल के युवाओं को मिलेगी सब्सिडी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में कर सकेंगे काम



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश सरकार ने युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करने के लिए 'मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना' शुरू की है। इस योजना के तहत 21 से 40 वर्ष के युवाओं को 5 लाख रुपये तक का ब्याज मुक्त ऋण दिया जाएगा।

हापुड़ में योजना के लाभ के लिए शिविर भी लगाए जाएंगे। सीडीओ हिमांशु गौतम ने बताया कि योजना में आवेदन करने के लिए कम से कम 8वीं पास होना जरूरी है। इसमें मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की विभिन्न गतिविधियों के लिए लोन मिलेगा। इनमें फूड प्रोसेसिंग, होम केयर प्रोडक्ट, इलेक्ट्रॉनिक्स, पेपर प्रोडक्ट्स, प्रिंटिंग, सीमेंट, कृषि व्यवसाय, लकड़ी उत्पाद, खेल सामग्री, नवीकरणीय ऊर्जा और ऑटोमोबाइल शामिल हैं। सरकार इस योजना में 10 प्रतिशत की सब्सिडी भी दे रही है। आवेदन के लिए युवा ेरी.४स्त्र.ङ्क५.ल्ल वेबसाइट पर जा सकते हैं। वे जन सुविधा केंद्र से भी आवेदन कर सकते हैं। हापुड़ के मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने बताया कि अधिक जानकारी के लिए ब्लॉक या तहसील स्तर के अधिकारियों से संपर्क किया जा सकता है। नगर पालिका या नगर पंचायत कार्यालय में भी जानकारी मिलेगी। विकास भवन के कमरा नंबर 124 में या युवा हेल्पलाइन नंबर 09129987111 पर भी संपर्क कर सकते हैं।

# सरसों का तेल खाने से बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी:

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद के पटेल नगर सेकंड में स्थित सरसों तेल के प्लांट पर उत्तर प्रदेश खाद्य और रसद विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई एक बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने की शिकायत के बाद की गई। अमित कुमार ने कुछ दिन पहले इस प्लांट से सरसों का तेल खरीदा था। तेल के इस्तेमाल के बाद उनके पिता की तबीयत खराब हो गई। अमित ने बताया कि तेल में केमिकल जैसा पदार्थ जमा हुआ दिखा। प्लांट मालिक ने शिकायत पर तेल बदल कर दिया। लेकिन नए तेल में भी वही समस्या पाई गई। इसके बाद अमित ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई। जोन 16 की खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता ने अपनी टीम के साथ प्लांट पर छापेमारी की। टीम ने सरसों के तेल के कई नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच में कमी पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# गाजियाबाद में तापमान 40 डिग्री पार



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद में भीषण गर्मी से लोगों का जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। तापमान 40 डिग्री को पार कर गया है। लोग छांव की तलाश में इधर-उधर भटक रहे हैं। जूस और पानी की दुकानों पर लोगों की भीड़ बढ़ गई है। गाजियाबाद के फिजिशियन डॉक्टर आर के पोद्दार ने लोगों को सावधान किया है। उन्होंने कहा कि दोपहर 11 बजे से शाम 4 बजे तक घर से बाहर न निकलें। डॉक्टर पोद्दार ने बताया कि अगर बाहर जाना जरूरी हो तो पानी, नारियल पानी, नींबू पानी, लस्सी या शिकंजी साथ रखें। उन्होंने बच्चों, गर्भवती महिलाओं, बुजुर्गों और बीमार लोगों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है। आने वाले 15-20 दिनों में गर्मी और बढ़ने की आशंका है। इस मौसम में डिहाइड्रेशन और हीट स्ट्रोक का खतरा रहता है। शरीर में नमक की कमी हो सकती है। बुखार और दौरे पड़ सकते हैं। डॉक्टरों ने स्ट्रीट फूड से बचने की सलाह दी है। इस मौसम में हैजा और फूड पॉइजनिंग का खतरा भी बढ़ जाता है।

# फर्जी पहचान से युवती को फंसाया

गाजियाबाद करंट क्राइम। गाजियाबाद में एक युवती के साथ धोखाधड़ी और दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी सलीम को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने खुद को तुषार बताकर सोशल मीडिया पर युवती से दोस्ती की थी। पीड़िता ने 5 जून को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उसने बताया कि आरोपी से उसकी मुलाकात सोशल मीडिया पर हुई थी। इसके बाद दोनों राजनगर आरडीसी में मिले। आरोपी ने शादी का वादा करके युवती के साथ कई बार दुष्कर्म किया। पीड़िता का आरोप है कि सलीम उसके साथ मारपीट करता था। उसे जान से मारने की धमकी देता था। आरोपी ने उसका फोन तोड़ दिया और फोटो भी डिलीट कर दिए। उसने युवती के गहने गिरवी रखकर पैसे भी ले लिए।




## क्यों दो बार बदला गया एक टू-स्टार का नाम

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में वैसे तो तीन जोन हैं, पर बीते कुछ समय से एक जोन जमकर चर्चा में चल रहा है। मामला पोस्टिंग का हो या सेटिंग का कहानियां यहीं की सुनाई दे रही हैं। अब जोन वालों की ओर से किस्से कहानी खत्म होने का नाम नहीं ले रहे हैं। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों ने जानकारी दी है कि 8 और 9 तारीख की दो लिस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। जिसमें एक टू-स्टार पर कृपा वाला सीन नजर आ रहा है। 8 तारीख वाली लिस्ट में पांचवें नंबर पर जिन राम पर उन्हीं के पुराने वाले जोन में पोस्टिंग पर नजर आ रहे हैं, तो वो अगले ही दिन बदलाव वाली ताकत दिखाते हैं। 9 तारीख को उनका नाम 32वां हो जाता है और फिर स्थान साहब का कार्यालय बन जाता है। अब इस टू-स्टार पर इतनी कृपा क्यों बरसी है, इसकी जानकारी तो विभाग वाले अफसर और पोस्टिंग करने वाले बता सकते हैं, लेकिन चर्चा उनकी जमकर हो रही है। बताया जा रहा है जब यह है बॉर्डर वाले थाने से हटे थे, तो मामला बेहद चर्चा में आया था। कई अफसरों ने खुद के दबाव को कम करते हुए इन पर तलवार चलवाई थी। सुनने में आया है कि इसके बाद यह लाइन गए और वहां से मामला फाइन किया। फिर सिटी में एक एसीपी वाले कार्यालय में एंट्री ली और फिर सीधे उन्हें नई पोस्टिंग दे दी गई। वैसे सुनने में आया है जहां मन था वहां बात बनी नहीं है। हालांकि दोनों ही दिन की लिस्ट में 2023 वालों पर भी जमकर कृपा बरसाई गई है। हालांकि पुलिस कमिश्नरेट वाले अधिकारी मानते हैं कि युवा पुलिस चौकी प्रभारी बेहतर काम कर पाएंगे। उनमें भाग दौड़ करने और कानून व्यवस्था की स्थिति को कंट्रोल करने की क्षमता अधिक है लेकिन सवाल यह उठ रहा है कि क्या वह कागजी कार्रवाई और यहां के सामाजिक, भौगोलिक और अन्य परिस्थितियों के अनुकूल ढल चुके हैं या नहीं। हालांकि लिस्ट में जो 9 तारीख वाला आदेश आउट हुआ है, उसमें एक दर्जन से अधिक 23 बैच वाले टू-स्टारों पर कृपा होने की जानकारी मिली है। तो वहीं कई अन्य ऐसी भी चौकी हैं, जहां की चर्चा कुछ और ही बता रही है। कुल मिलाकर देखना होगा कि इस जोन में जिस तरीके का माहौल चल रहा है, यह कब तक चलेगा। क्या पुलिस ऑफिस से ही कोई नया आदेश या फरमान सुनाया जाएगा। इसके बाद मामला राइट किया जाएगा। वैसे पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि यह तीनों जोन के लिए है, पर मामला एक जोन का ही ज्यादा सुनने और चर्चा में बना हुआ है।




# 3 दिन से लापता युवक का रेलवे फाटक के पास मिला शव



**मोदीनगर (करंट क्राइम)।** विजयनगर कॉलोनी में एक पेंटर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। रेलवे फाटक के पास सोमवार सुबह 28 वर्षीय सोनू का शव मिला। युवक के शरीर पर चोट के निशान पाए गए हैं।

गोविंदपुरी कॉलोनी के सारा मार्ग निवासी सोनू 7 जून को मकान का किराया देने की बात कहकर घर से निकला था। वह तीन दिनों से लापता था। सोमवार सुबह परिजनों ने गोविंदपुरी पुलिस चौकी में उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

मृतक की पत्नी साइना और दो बेटियां - तीन वर्षीय मायरा और पांच वर्षीय नायरा हैं। वह पेंटर का काम करके परिवार का भरण-पोषण करता था। मृतक की जेब से 3,500 रुपए, मोबाइल और अन्य सामान बरामद हुए हैं।

परिजनों का आरोप है कि सोनू की हत्या कर शव को फेंक दिया गया। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जेठ मास के बड़े मंगलवार पर अपनापन रसोई सेवा ने किया प्रसाद वितरण




**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जेठ मास के बड़े मंगलवार पर दिव्यांश सूर्यांश गोयल द्वारा प्रसाद वितरण सेवा का आयोजन किया गया। जेठ मास के बड़े मंगलवार को हनुमान मंदिर घंटाघर पीएनबी के पास पर अपनापन रसोई सेवा द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। प्रसाद वितरण पौत्र दिव्यांश गोयल एवं सूर्यांश गोयल, रुद्रांश गोयल द्वारा हनुमंत चरणों में किया गया।

गाजियाबाद में 2017 से मंगलवार की सेवा में अशोक कुमार गोयल, रमेश खजांची, अमरदत्त शर्मा, विपुल अग्रवाल, रीना गोयल, विपुल अग्रवाल, हर्षिता गोयल, रेखा गोयल, सुदेश रानी, अंकुर गोयल, माया भारती, एनके गोयल, हर्षिता गोयल, रुद्रांश गोयल, सूर्यांश गोयल, दिव्यांश गोयल, रिंकू त्यागी, श्याम सुंदर त्यागी, पारस आदि ने सहयोग किया।

# अतिक्रमण हटाने गई टीम को ग्रामीणों ने रोका

## सुनपुरा गांव में पुश्तैनी जमीन का दावा, प्राधिकरण की टीम को वापस लौटना पड़ा



**नोएडा (करंट क्राइम)।** ग्रेटर नोएडा के इकोटेक-3 थाना क्षेत्र के सुनपुरा गांव में अतिक्रमण हटाने गई प्राधिकरण की टीम को ग्रामीणों के विरोध का सामना करना पड़ा। प्राधिकरण की टीम जैसे ही बुलडोजर लेकर गांव पहुंची, ग्रामीणों और महिलाओं ने कार्रवाई का विरोध शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि यह जमीन उनकी पुश्तैनी संपत्ति है। प्राधिकरण के कर्मचारियों और पुलिस के साथ ग्रामीणों की तीखी बहस हुई। विवाद बढ़ता देख और स्थानीय लोगों के विरोध के कारण प्राधिकरण की टीम को बिना कार्रवाई किए वापस लौटना पड़ा। प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार यह अभियान अवैध कब्जे हटाने के लिए चलाया गया था। हालांकि, ग्रामीणों के कड़े विरोध के चलते कार्रवाई स्थगित करनी पड़ी। दौरान पुलिस और ग्रामीणों के बीच में तीखी नोकझोंक देखने को मिली।

# ग्रेनो प्राधिकरण ने सुनपुरा में अतिक्रमण हटाया

## 20 हजार वर्ग मीटर जमीन खाली कराई, कीमत 40 करोड़ रुपए




**गौतम बुद्ध नगर करंट क्राइम।** ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मंगलवार को सुन पुरा गांव में बड़ी कार्रवाई की। प्राधिकरण ने खसरा संख्या 429 की करीब 20 हजार वर्ग मीटर जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया। इस जमीन की कीमत 40 करोड़ रुपए से अधिक आंकी गई है।

कालोनाइजर इस जमीन पर अवैध कॉलोनी काटने की कोशिश कर रहे थे। प्राधिकरण ने कई बार नोटिस जारी किया। लेकिन कॉलोनाइजर चोरी-छिपे निर्माण करने की कोशिश में लगे रहे।

प्राधिकरण की एसीईओ प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई की। टीम ने 6 जेसीबी और 5 डंपर की मदद से तीन घंटे में अतिक्रमण हटाया। कार्रवाई में परियोजना विभाग के महाप्रबंधक एके सिंह, विशेष कार्याधिकारी जितेंद्र गौतम समेत कई अधिकारी मौजूद रहे।

एसीईओ प्रेरणा सिंह ने अतिक्रमणकारियों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि सुनपुरा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का अधिसूचित क्षेत्र है।

बिना अनुमति या नक्शा पास कराए निर्माण करने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से अपील की है कि जमीन खरीदने से पहले प्राधिकरण से संपर्क कर जानकारी जरूर लें।

# बिजली घर पर किसान यूनियन का प्रदर्शन

## 15 दिन से खराब ट्रांसफॉर्मर बदलने और नई लाइन बिछाने की मांग

**नोएडा (करंट क्राइम)।** दनकौर कस्बे में भारतीय किसान यूनियन महासभा ने मंगलवार को बिजली घर पर प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष वाहिद भाटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने अच्छेजा बुजुर्ग गांव और मिजार्पुर टाउन एरिया की बिजली समस्याओं को लेकर विरोध जताया। कार्यकर्ताओं ने अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

इसमें पिछले 15 दिनों से खराब पड़े ट्रांसफॉर्मर को 24 घंटे के अंदर बदलने की मांग की गई है। मिजार्पुर टाउन एरिया में खंभे लगे होने के बावजूद बिजली लाइन नहीं बिछाई गई है। गर्मी के मौसम में बिजली की कमी से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि अगर तय समय में समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो वे बड़ा आंदोलन करेंगे। प्रदर्शन में डॉ. ताहिर, मुजाहिद एडवोकेट, मौसम खान, अंसार भाटी, राशिद पहलवान, असलम खान, फरमान खान, जीशान खान, आरिफ अली, अरशद खान, शान मोहम्मद और ताजू सहित कई कार्यकर्ता शामिल थे।



# सुरक्षित उड़ान के लिए ड्रैगन कैप्सूल में किए बदलाव
# शुभांशु वाले मिशन पर स्पेसएक्स के उपाध्यक्ष



**खराब मौसम के कारण अंतरिक्ष यान- एक्जियोम का प्रक्षेपण टल गया। स्पेसएक्स के ड्रैगन कैप्सूल से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला जाएंगे**

**केलिफोर्निया।** ड्रैगन कैप्सूल को लेकर स्पेसएक्स के बिल्ड एंड फ़्लाइट रिलायबिलिटी के उपाध्यक्ष विलियम गेर्स्टनमेयर ने कहा कि हमने सुरक्षित उड़ान के लिए कई बदलाव किए हैं। उन्होंने ड्रैगन कैप्सूल मिशन में सुरक्षा और विश्वसनीयता पर कंपनी के फोकस पर बात की।

उन्होंने कहा कि कि डिजाइन ने उन्हें विश्वसनीय और अधिक उपयोगी बनाने के लिए कई प्रणोदन घटकों को बदल दिया है। यह केवल वही ड्रैगन कैप्सूल नहीं है जिसे आप उड़ा रहे हैं। हमने वास्तव में कुछ सुधार किए हैं और वास्तव में सुरक्षित उड़ान जारी रखने के लिए इसे बेहतर बनाया है। गेर्स्टनमेयर ने कहा कि स्पेसएक्स टीमों के पास लंबे स्प्रिंग ड्रैग मिशन हैं। इनमें से दो मानव अंतरिक्ष यान मिशन थे। सभी एक दूसरे के 38 दिनों के भीतर लॉन्च हुए। जब हम उन पर काम कर रहे थे, तो टीमें आगे भी देख रही थीं और कार्रवाई की तैयारी कर रही थीं।

उन्होंने कहा कि स्पेसएक्स एक रिकॉर्ड-तोड़ वर्ष हासिल करने के लिए ट्रैक पर है, लेकिन 2025 में 170 कक्षीय मिशनों के अपने महत्वाकांक्षी लक्ष्य तक पहुंचने के लिए अभी भी हमारे पास कई प्रक्षेपण बाकी हैं। कई प्रक्षेपण पहले ही पूरे हो चुके हैं। कंपनी को अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए लगभग 100 और मिशन करने हैं।

उन्होंने कहा कि यह हमें नियमित रूप से डाटा की समीक्षा का अवसर देता है। हम डाटा में तलाश करते हैं, चीजों को बेहतर बनाने, सुरक्षित रूप से उड़ान भरने की अनुमति देता है। नासा एक्जियोम-4 और इस मिशन के भागीदारों को धन्यवाद। भारत, पोलैंड और हंगरी का महत्वपूर्ण मिशन पर उनके विश्वास और घनिष्ठ सहयोग के लिए धन्यवाद।

इस दौरान यूएस स्पेस फोर्स के 45वें वेदर स्क्वाड्रन के लॉन्च वेदर ऑफिसर जिमी टेगर ने कहा कि सेंट्रल फ्लोरिडा में मौजूदा मौसम की स्थिति उच्च दबाव प्रणाली से प्रभावित है। इसके अगले कुछ दिनों में उत्तर की ओर बढ़ने की उम्मीद है। इससे हवा का वेग बदल सकता है और अलग-अलग बारिश की संभावना बढ़ सकती है। उन्होंने कहा कि अगले कुछ हफ़्तों में हवा की रफ्तार में सुधार होने जा रहा है। इसलिए जैसे-जैसे हम बुधवार को पहुंचेंगे, हवाएं बेहतर होंगी और गुरुवार को बुधवार से भी बेहतर होंगी। हालांकि, एक चीज जिस पर हम कड़ी नजर रखने जा रहे हैं, वह है संभावित बारिश।

## सिंगापुर में 1800 साल पुराने श्री सिवन मंदिर में भव्य अभिषेक समारोह, 20,000 श्रद्धालुओं हुए शामिल



**राष्ट्रीय सुरक्षा समन्वय मंत्री व गृह मंत्री के षणमुगम गेलांग ईस्ट मंदिर के नाम से मशहूर मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए। वह बोले, आज का अभिषेक समारोह महत्वपूर्ण है, क्योंकि सिंगापुर में हिंदू समुदाय के दिल में इस मंदिर का विशेष स्थान है**

**सिंगापुर।** सिंगापुर के सबसे पुराने हिंदू मंदिरों में शामिल श्री सिवन मंदिर अभिषेक समारोह आयोजित किया गया। इस दौरान 1,800 की शताब्दी से भी पुराने इस मंदिर में 20,000 से अधिक श्रद्धालु जुटे। षणमुगम ने समारोह की पट्टिका का अनावरण भी किया। सुबह 7 बजे से ही मंदिर के बाहर विशेष रूप से बनाए गए तंबुओं में पहुंचे श्रद्धालु महाकुंभाभिषेकम का बेसब्री से इंतजार करने लगे। यह मंदिर की छत पर बर्तनों से पवित्र जल डालने की प्रक्रिया है।

कुंभम कहे जाने वाले पात्रों में जल भरा जाता है और लगातार सात दिन तक संस्कृत मंत्रों के जाप के माध्यम से इन्हें ऊर्जाप्रदान की जाती है। द स्ट्रेट्स टाइम्स के मुताबिक, हिंदू बंदोबस्ती बोर्ड ने कहा कि मंदिर में 26 जुलाई तक 48 दिन प्रार्थना, अनुष्ठान और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## जल रहा अमेरिका का लॉस एंजेलिस ट्रंप ने उतारे कमांडो



**वॉशिंगटन ।** अमेरिका का लॉस एंजेलिस शहर इन दिनों हिंसा की चपेट में है। प्रदर्शनकारी और सुरक्षाबल आमने-सामने हैं और पूरे शहर में अराजकता का माहौल है। राष्ट्रपति ट्रंप ने नेशनल गार्ड्स की तैनाती की है, लेकिन इसके बावजूद हालात काबू में नहीं आ पा रहे हैं। संघीय आव्रजन विभाग के छापों से यह पूरा विवाद शुरू हुआ, जिसने जल्द ही हिंसा का रूप ले लिया और हालात ये हैं कि शहर में जगह-जगह विरोध प्रदर्शन और आगजनी की घटनाएं हो रही हैं। पुलिस भीड़ को काबू करने के लिए आंसू गैस के गोले और रबर की गोलियों का इस्तेमाल कर रही है।

विरोध प्रदर्शन कैसे शुरू हुए राष्ट्रपति ट्रंप की नीति के तहत अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को निर्वासित किया जा रहा है। इसी के तहत अप्रवासन विभाग देशभर में छापेमारी अभियान चला रहा है। अप्रवासन विभाग ने हाल ही में लॉस एंजेलिस में भी अवैध अप्रवासियों के खिलाफ अभियान चलाया और अप्रवासन विभाग और सीमा शुल्क विभाग ने लॉस एंजेलिस के दो होम डिपो, एक डोनट शॉप और एक कपड़ों को गोदाम से कथित तौर पर अवैध अप्रवासियों को हिरासत में लिया। ये कार्रवाई लॉस एंजेलिस के फैशन डिस्ट्रिक्ट इलाके में की। लोगों ने इसका विरोध किया और सामाजिक संगठन भी हिरासत में लिए गए लोगों के समर्थन में आ गए। जिन डिटेंशन सेंटर्स में कथित अवैध अप्रवासियों को रखा गया था, उनके बाहर भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने निषेधाज्ञा लागू की और लोगों के इकट्ठा होने पर रोक लगा दी। इसके बावजूद लोग नहीं माने। अप्रवासन विभाग ने शुक्रवार को 44 लोगों को हिरासत में लिया और एक हफ्ते में लॉस एंजेलिस में कुल 118 अप्रवासियों को गिरफ्तार किया गया। इससे लोगों का गुस्सा भड़क गया और हिंसा शुरू हो गई। नेशनल गार्ड्स की तैनाती से और बिगड़े हालात हालात बिगड़ते देख राष्ट्रपति ट्रंप ने लॉस एंजेलिस में बिना कैलिफोर्निया के गवर्नर गेविन न्यूसम से पूछे।

# पाकिस्तान का एक और ब्लंडर, बिलावल ने अमेरिका पर ही लगा दिए आतंकवाद को बढ़ावा देने के आरोप



**पाकिस्तान पीपल्स पार्टी के नेता बिलावल भुट्टो जरदारी इन दिनों अमेरिका दौरे पर हैं और वहां वे एक बयान से ब्लंडर कर गए हैं जो पाकिस्तान को भारी पड़ सकता है**

**वॉशिंगटन ।** दरअसल बिलावल भुट्टो जरदारी ने अमेरिका पर ही आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगा दिया है। बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि अमेरिका ने अफगानिस्तान से निकलते हुए अफगानिस्तान में जो हथियार छोड़े, उनसे आतंकवाद को बढ़ावा मिला है और पाकिस्तान की आंतरिक सुरक्षा की चुनौती बढ़ी है।

**आतंकवाद पर अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की बात की :** बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि 'हम आतंकवाद की बात करते हैं, हम अफगानिस्तान की बात करते हैं और हम अन्य चीजों पर बात करते हैं। हमने बीते कई दशक इन्हीं मुद्दों पर बात करने में बिताए हैं।' उन्होंने कहा कि यही मुद्दे पाकिस्तान और अमेरिका के संबंधों को लगातार प्रभावित करते रहे हैं। गौरतलब है कि पाकिस्तान पूरे दक्षिण पूर्व एशिया में और साथ ही पूरी दुनिया में आतंकवाद का केंद्र है। हालांकि भुट्टो ने इस सब से बेखबर होने का नाटक करते हुए आतंकवाद के खिलाफ क्षेत्रीय सहयोग बढ़ाने की बात कही।

भुट्टो ने कहा कि 'हमें क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय सहयोग बढ़ाने की जरूरत है कि हमें अब क्या करना है और अफगानिस्तान से अमेरिका के निकलने के बाद वहां जो हथियार रह गए हैं, जो आतंकियों के हाथ लग गए हैं, उनका क्या करना है। जहां तक हथियारों की बात है, आप ये जानकर हैरान होंगे कि जब हम इन आतंकी समूहों से पाकिस्तानी क्षेत्र में लड़ते हैं तो आतंकियों के पास जो हथियार होते हैं, वे हमारे सुरक्षाबलों के हथियारों से भी कई गुना आधुनिक होते हैं। ये हथियार अमेरिका ने अफगानिस्तान में छोड़े थे।'

बिलावल भुट्टो जरदारी का यह बयान अमेरिका के साथ ही अफगानिस्तान को भी नाराज कर सकता है। जरदारी ने जहां परोक्ष रूप से अमेरिका पर आतंकवाद को बढ़ावा देने का आरोप लगाया है, वहीं अफगानिस्तान पर भी आतंकियों को पनाह देने का आरोप लगा दिया। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के रिश्ते पहले से ही सीमा विवाद और आतंकवाद के मुद्दे पर तल्ख चल रहे हैं। हाल के दिनों में दोनों देशों के रिश्तों में सुधार की कोशिशें हो रही हैं।

# अशदोद बंदरगाह पहुंचीं ग्रेटा थनबर्ग की मदद नौका

## इस्राइल ने कहा- मजाक है राहत कार्यक्रम

**गाजा में चल रहे संघर्ष के बीच पर्यावरण कार्यकर्ता ग्रेटा थनबर्ग सोमवार को इस्राइल के अशदोद बंदरगाह पहुंचीं। इससे पहले इस्राइली नौसेना ने इस नाव को रोका और उस पर सवार 12 कार्यकर्ताओं को हिरासत में ले लिया। ये सभी लोग गाजा के लिए मानवीय मदद लेकर जा रहे थे**

**यरुशलम ।** बता दें कि यह नाव फ्रीडम फ्लोटिला कोएलिशन की तरफ से भेजी गई थी, जो गाजा में इस्राइली सैन्य कार्रवाई और मानवीय सहायता रोकने के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे थे। कार्यकर्ताओं का कहना है कि नाव अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा में थी जब उसे रोका गया।

### इस्राइल ने कहा- मजाक है मदद कार्यक्रम

अब बात अगर मामले में इस्राइल की प्रतिक्रिया की करें तो इस्राइल ने इसे एक प्रचार अभियान बताया। साथ ही कहा कि कार्यकर्ताओं को सुरक्षित तट पर लाया गया है और अब उन्हें उनके देश वापस भेजा जाएगा। इतना ही नहीं विदेश मंत्रालय ने एक तस्वीर भी साझा की जिसमें ग्रेटा थनबर्ग नाव से उतरती दिखाई दे रही हैं। **डिटेंशन सेंटर में रहेंगे सभी कार्यकर्ता:** वहीं इस मामले में अदालाह नामक कानूनी संगठन की माने तो हिरासत में लिए गए सभी कार्यकर्ताओं को



रामले शहर के एक डिटेंशन सेंटर में रखा जाएगा और फिर उन्हें देश से निकाल दिया जाएगा। फिलहाल सभी की स्वास्थ्य जांच की जा रही है। दूसरी ओर फ्रीडम फ्लोटिला ने बयान जारी कर कहा कि नाव को अवैध रूप से कब्जे में लिया गया, निहत्थे नागरिकों को अगवा किया गया और जरूरी राहत सामग्री जब्त कर ली गई, जिसमें बच्चों के लिए दूध, खाना और दवाइयां शामिल थीं। गौरतलब है कि सात अक्तूबर 2023 के हमास ने दक्षिणी इस्राइल पर हमला कर 1,200 लोगों को मार डाला। इसके जवाब में इस्राइल ने गाजा में बड़ा सैन्य अभियान शुरू किया। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय की माने तो इस्राइल के हमले में अब तक लगभग 54,000 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं, जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शामिल हैं। वहीं लाखों लोगों को विस्थापित होना पड़ा। गाजा में चल रहे युद्ध और इस्राइल की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से लगभग 20 लाख की आबादी को गंभीर भूख और मानवीय संकट का सामना करना पड़ रहा है।

## ऑस्ट्रियाई शहर ग्राज के स्कूल में गोलीबारी, आठ लोगों के मारे जाने की खबर, शूटर भी मारा गया




**ऑस्ट्रिया।** ऑस्ट्रिया में बड़ी घटना हुई है। यहां एक स्कूल में फायरिंग की बात कही जा रही है। इस दौरान कम से कम आठ लोगों की हत्या की बात कही जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार को ऑस्ट्रिया के शहर ग्राज के एक स्कूल में आठ लोगों की हत्या कर दी गई। पुलिस के मुताबिक, स्कूल से गोलियों की आवाज आने के बाद सुरक्षा बलों को मौके पर तैनात कर दिया गया। आंतरिक मंत्रालय ने बताया कि कई लोगों की मौत हुई है, लेकिन यह नहीं बताया कि कितने लोग मारे गए। किसी के घायल होने या अपराधी के बारे में भी तत्काल कोई जानकारी नहीं है।

# रूस ने दो यूक्रेनी शहरों पर किया ड्रोन और मिसाइल हमला, दो लोगों की मौत, 13 घायल



**कीव ।** रूस ने मंगलवार सुबह यूक्रेन के दो शहरों- ओडेसा और कीव को निशाना बनाया। यूक्रेन के अधिकारियों ने बताया कि रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों में दो लोगों की मौत हो घई और कम से कम 13 अन्य घायल हो गए। ताजा हमले रूस द्वारा यूक्रेन पर लगभग 500 ड्रोन दागे जाने के कुछ घंटों बाद हुए। यूक्रेन और पश्चिमी अधिकारी आशंका जता रहे हैं कि 1 जून को रूसी हवाई ठिकानों पर यूक्रेन द्वारा किए गए ड्रोन हमलों के बाद रूस जवाबी कार्रवाई कर रहा है।

क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह किपर के अनुसार, ताजा हमला दक्षिणी बंदरगाह शहर ओडेसा में हुआ। इस हमले में प्रसूति अस्पताल और आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। उन्होंने बताया कि रूसी हमले में शहर में दो लोगों की मौत हो गई और नौ लोग घायल हो गए।

कीव पर हुए हमले में चार लोग घायल हुए दूसरा ड्रोन हमला यूक्रेन की राजधानी कीव में हुआ। पत्रकारों ने घंटों तक शहर के चारों ओर विस्फोट और ड्रोन की गड़गड़ाहट सुनी। कीव के मेयर विटाली क्लिट्स्को ने बताया कि राजधानी पर हुए हमले में चार लोग घायल हो गए। हमलों के दौरान कीव में कई जगहों पर धुआं उठता दिखा। लोग डर के कारण मेट्रो स्टेशनों में जाकर छिप गए।

### मेट्रो स्टेशन में छिपने वालों ने कहा

अपने 8 महीने के बेटे के साथ मेट्रो स्टेशन में छिपी नीना नोसीवेट्स ने कहा कि मैं कोशिश करती हूं कि डरने के बजाय सब कुछ चुपचाप सह लूं, जैसे कोई चूहा छुप जाता है। अपने बच्चे का ध्यान भटकाने की कोशिश करती हूं ताकि उसे कम डर लगे। एक और निवासी क्रिस्टीना सेमक ने कहा कि धमाके की आवाज सुनकर वह डर गईं और रात 2 बजे मेट्रो स्टेशन की ओर भागीं।

ड्रोन का मलबा गिरने से कीव के चार जिलों में लगी आग कीव शहर के सैन्य प्रशासन ने बताया कि कई ड्रोन को मार गिराया गया। ड्रोन का मलबा आवासीय भवनों और गोदामों की छपों पर गिरने के बाद कम से कम चार जिलों में आग लग गई। 25 वर्षीय वासिल पेसेंको ने हमले में क्षतिग्रस्त हुई अपनी रसोई में खड़े होकर बताया कि मैं बिस्तर पर लेटा हुआ था और सोच रहा था कि शायद ये ड्रोन इस बार भी निकल जाएंगे, लेकिन तभी एक ड्रोन हमारे घर के बहुत पास आ गया और बड़ा धमाका हो गया।

# पहले आसान और जल्द फायदा दिलाने पर फोकस
# भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता पर बोले पीयूष गोयल



**बर्न।** केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक वार्ता की बात की। उन्होंने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच चल रही व्यापार वाताओं में पहले आसान और जल्दी फायदा दिलाने वाले मुद्दों पर सहमति बननी चाहिए। उन्होंने कहा कि जटिल मुद्दों को बाद में हल किया जा सकता है, लेकिन नीचे लटक रहे फलों को पहले ही तोड़ लेना चाहिए ताकि तुरंत लाभ मिल सके।

ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए समझौते का दिया उदाहरण स्विट्जरलैंड के बर्न में पत्रकारों से बात करते हुए गोयल ने ऑस्ट्रेलिया के साथ हुए पहले चरण के समझौते का उदाहरण देते हुए कहा कि इससे दोनों देशों के व्यापार में बढ़ोतरी हुई है और अब बाकी विषयों पर चर्चा जारी है। उन्होंने बताया कि इसी तरह की पेशकश ब्रिटेन को भी की गई थी। उन्होंने कहा कि भारत व्यापार समझौतों को लेकर लचीलापन बरत रहा है और धीरे-धीरे बढ़ते हुए मजबूत साझेदारी की ओर बढ़ना चाहता है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि अमेरिका के साथ हो रही वाताओं के ब्योरे प्रेस में साझा नहीं किए जाएंगे क्योंकि ये गोपनीय होती हैं।

भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता बता दें कि भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता 4 जून को शुरू हुई और 10 जून तक चलेगी। दोनों देशों के बीच यह बातचीत तकनीक, दवाइयों, रक्षा और कृषि जैसे अहम क्षेत्रों में वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला और व्यापार को प्रभावित कर सकती है।

'भारत के अपने बिग फोर बनाने की तैयारी में सरकार'

केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने आगे कहा कि भारत जल्द ही अपनी खुद की वैश्विक स्तर की चार बड़ी अकाउंटेंसी और कंसल्टिंग कंपनियां (ई ऋ४१) तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि भारत में डेलॉयट, पीडब्ल्यूसी, अर्न्स्ट एंड यंग और केपीएमजी जैसी विदेशी कंपनियों का दबदबा रहा है, लेकिन अब भारत की अपनी घरेलू कंपनियां इनसे प्रतिस्पर्धा करेंगी।

गोयल ने बताया कि पहले भारत में अकाउंटेंसी फर्मों के विलय की अनुमति नहीं थी और साझेदारी को लेकर सोच भी सीमित थी। लेकिन अब नियमों में बदलाव और सोच में परिवर्तन के कारण बड़े भारतीय फर्म उभरने लगे हैं। उन्होंने कहा कि अब लोग साझेदारी के लाभ समझने लगे हैं, और जल्द ही भारत की अपनी बिग फोर होंगी, बस इंतजार कीजिए।

भारत में निवेश के लिए भेदभाव-मुक्त माहौल गोयल ने यह भी कहा कि भारत निवेश के लिए पूरी तरह से भेदभाव-मुक्त माहौल प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि जो विदेशी कंपनियां भारत में निवेश करती हैं, उन्हें भारतीय कंपनियों जैसा ही दर्जा मिलता है।

# सीएम ग्रिड के 40 करोड़ की लागत से चल रहे कार्यों का लिया जायजा

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मोहन नगर जोन में सी एम ग्रिड मे 40 करोड़ 14 लाख की लागत से चल रहे निर्माण कार्यों का अर्बन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट एजेंसी की टीम द्वारा जायजा लिया गया। यू रिडा नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश के अंतर्गत कार्य करने वाली एजेंसी है जिसके डिप्टी सी.ई.ओ. एके श्रीवास्तव द्वारा टीम के साथ औचक निरीक्षण मोहन नगर जोन में किया गया मौके पर साथ आए इंजीनियर अग्रिम गुप्ता तथा अद्वित जानी भी उपस्थित रहे।



निरीक्षण के दौरान डिप्टी सीईओ यूरिडा द्वारा कार्य की गति धीमी बताई गई तथा संबंधित निर्माण विभाग अधिकारियों में ठेकेदार को तेजी से कार्य करने के निर्देश दिए गए निरीक्षण के क्रम में मोहन नगर बस स्टैंड से हिंडन एयर फोर्स स्टेशन तक तथा शेषनाग द्वारा से एलिवेटेड रोड तक के चल रहे कार्यों का जायजा लिया गया, स्ट्रीट पोल का कार्य प्रगति पर मिला अन्य चल रहे कार्यों में गुणवत्ता की जांच भी टीम के द्वारा की गई, मौके पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी तथा टीम उपस्थित रही। नरेंद्र कुमार चौधरी मुख्य अभियंता निर्माण द्वारा बताया गया कि माननीय महापौर तथा नगर आयुक्त महोदय की निर्देश की क्रम में सी एम ग्रिड के कार्यों को कराया जा रहा है, यूरिडा से आए हुए वरिष्ठ अधिकारियों का भ्रमण रहा, जिसमें वॉल स्टोन का कार्य मौके पर होते हुए मिला फुटपाथ की सैंपल भी टीम को दिखाए गए शहर को एक सुंदर और शुभ अवस्थित भव्य सड़क देने का कार्य निगम कर रहा है टीम के द्वारा सुरक्षा की दृष्टि से कार्यों को तेजी से समाप्त करने के लिए भी कहा गया।

# चिप्स-वेफर्स की फैक्ट्री में लगी भीषण आग

## 4 दमकल गाड़ियों ने दो तरफ से की आग बुझाने की कार्रवाई, कोई हताहत नहीं

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जीटी रोड स्थित अमृत स्टील कंपाउंड में शीतल इंटरप्राइजेज डिस्ट्रीब्यूटर की फैक्ट्री में आग लग गई। फैक्ट्री में चिप्स और वेफर्स का स्टोरेज किया जाता है। घटना की जानकारी पीयूष नाम के व्यक्ति ने घंटाघर कोतवाली फायर स्टेशन को दी। सूचना मिलते ही कोतवाली और आसपास के फायर स्टेशनों से चार दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।



दमकल विभाग के चीफ फायर ऑफिसर राहुल पाल के मुताबिक, आग के अन्य फैक्ट्रियों में फैलने का खतरा था। इसलिए दो तरफ से हौज पाइप लगाकर आग बुझाने की कार्रवाई की गई। फैक्ट्री के मालिक रोहित गुप्ता मौके पर मौजूद रहे। सौभाग्य से आग लगने के तुरंत बाद फैक्ट्री में मौजूद सभी लोग बाहर निकल गए। इससे कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल कर्मियों ने आग पर काफी हद तक काबू पा लिया है।




▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के कौन से पार्षद नहीं उठा रहे हैं हाउस टैक्स के विरोध वाली लाठी? कहने वाले ने कहा कि जब सारे पार्षद विरोध कर रहे हैं तो फिर क्यों साईलेंट है वैशाली वाले मिस्टर भाटी? जब नदिया पार वाले भगवा पार्षदों ने जता दिया है टैक्स बढ़ोत्तरी को लेकर रोष? तब वो कौन सी बात है जिसे लेकर मिस्टर भाटी हैं पूरी तरह खामोश? लोग ही अब उठाने लगे हैं सवाल? आखिर हमारे मिस्टर भाटी कब करेंगे विरोध और कब जतायेंगे टैक्स वृद्धि को लेकर मलाल?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के उस मंडल में उठ गया एक बार फिर फोटो वाले सम्मान को लेकर सवाल? जूम मीटिंग में किसने रख दिया मंडल अध्यक्ष की फोटो से जुड़ा हुआ ख्याल? किसने कहा कि अगर मंडल में कार्यक्रम आयोजित होगा तो फिर मंच पर बैकड्राप में मंडल अध्यक्ष का फोटो जरूर होगा? इसका भी रखा जाये ख्याल? सुना है मंडल प्रधान के फोटो की बात को लेकर उठ गया एक देवतुल्य के मन में बड़ा तूफान? उन्होंने कहा कि तुम पर तो संगठन की कृपा हुई है मगर उन पार्षदों का क्या जिन्हें जनता ने चुना है श्रीमान? अगर मंडल प्रधान का लगेगा फोटो तो फिर वार्ड में कार्यक्रम को लेकर भी बना दो कोई नए नियम वाला प्रोग्राम? अगर वार्ड में कार्यक्रम हो रहा है तो फिर पार्षद का भी फोटो बैनर में लगेगा श्रीमान? कहने वाले ने कहा कि पार्षद का फोटो ज्यादा जरूरी है क्योंकि उन्होंने वोटों के माध्यम से पार्टी का बढ़ाया है जनाधार? मंडल वाले आखिर क्यों दे रहे हैं अपने अध्यक्ष के फोटो पर इतना बेतुका विचार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि सोशल मीडिया पर मलबे को लेकर क्यों आ गये पार्षद पति और पूर्व पार्षद आमने-सामने? बात शुरू हुई मलबे से और आ गई सड़क के गढ्डे तक? कहने वाले ने कहा कि सोशल मीडिया वाले ग्रुप पर क्यों हो गया नदिया पार मलबे को लेकर पूर्व पार्षद और वर्तमान पार्षद में जुबानी बवाल? बात शुरू हुई मलबे से और आ गया दोनों की चर्चा में सड़क पर गड्ढे का ख्याल? कहने वाले ने कि वसुंधरा वाले पार्षद पति ने व्हाट्सऐप ग्रुप पर किया था ये ऐलान? जैन मंदिर के सामने जो गड्ढा था उसे मलबे से भरवा दिया गया है श्रीमान? सरकार का पार्षद सड़क का एक छोटा सा दूर नहीं करवा सकता है डेंट? सुना है गड्ढे की कहानी नहीं है पुरानी? चल रही है दोनों के बीच में जुबानी जंग? किसी को नहीं है इस बात पर हैरानी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मेयर ने किया था गड्ढा मुक्त नगर निगम का ऐलान? भाजपा पार्षद पति ने क्यों गड्ढे को मलबे से भरने की सूचना दे दी? सुना है यहां सवाल ऐसा हुआ कि सरकार का कार्यकाल आ गया? पूर्व बसपा पार्षद ने कहा कि पार्षद का काम है सड़क बनवाना? इस पर भाजपा के पार्षदपति ने बता दी उन्हें नियम वाली गति? कहा सड़क पांच साल में एक बार बनती है? पूर्व बसपा पार्षद ने भी इस बात पर ली जमकर चुटकी? उन्होंने कहा कि अगर सड़क दो साल में टूट गई या उस पर गड्ढा हो गया? तो पार्षद पति जी कृपया अवगत करायें कि हम पांच साल तक उस गड्ढे वाली सड़क से ही जायें? क्या पांच साल तक वो सड़क ऐसे ही रहेगी? क्या आप इस बारे में हमें कुछ समझायेंगे?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि मंडल वाली लिस्ट को लेकर फिर से आ गया है एक बड़ा ट्विस्ट? मंडल की कहानी में पहले कैबिनेट वाले आये थे और अब हो गई भाजपा के महानगर अध्यक्ष की भी एन्ट्री? सुना है कहानी में आ गया है बहुत ही रोचक ट्विस्ट? महानगर अध्यक्ष ने मांग ली है मंडल अध्यक्षों से उनके प्रस्तावित नामों वाली लिस्ट? बताते हैं कि उन्होंने कर दिये निर्देश जारी? कि मंडल अध्यक्ष अपनी लिस्ट में दो दो नाम और बढ़ायें ताकि ये लिस्ट लगे कुछ भारी? मंडल अध्यक्षों को हो गई है इस नए फरमान से एक अजीब सी टेंशन? क्या वो मानकर चलें कि नए नाम जुड़ने के बाद उनके किसी खास को मिल जायेगी विदाई वाली पेंशन? सुना है अभी भगवा योद्धा दो दिन और देंगे इस मामले में टेंशन?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि हाथ वालों के यहां केवल चल रहा है कागजी गुणाभाग? सुना है वरिष्ठ कांग्रेसी ने ही खोल दिया हालत-ए-हाथ? उन्होंने कहा कि टीम बनाने में जब लग रही है इतनी देरी? तो कैसे करेंगे कांग्रेस वाले चुनाव के समय मौहल्लों में प्रभात फेरी? वरिष्ठ कांग्रेसी ने गिना दिये कई पदाधिकारियों के नाम? बता दिया कि इनके समर्पण का ये आलम है? ये पिछली सरकारों में सपा में भी घूमकर आये हैं श्रीमान? पुराने कांग्रेसी ने कहा कि एक दूसरे को कोसने से नहीं चलने वाला है काम? सबसे पहले हमें हटानी होगी अपने संगठन से फालतू की खरपतवार? कांग्रेस वाले समझ ही गये होंगे उन्होंने इतने प्यार से किसे बता दिया है कांग्रेस की खरपतवार?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि फूल वालों के यहां किस महिला नेता का चल रहा है सरकारी कृपा वाली लिस्ट में नाम? किसने कहा कि जाने भी दो अब हमारा नहीं है किसी भी सरकारी ईनाम पर ध्यान? सुना है किसी ने छेड़े पुराने तार और कहा कि तीसरी कृपा भी उसी पर कर दो जिस पर लगातार दूसरी बार बरसा है विद्युत वाली जिम्मेदारी का प्यार? कहने वाले ने कहा कि आप मेरी बात लिख कर रख लीजिए किसी भी पेपर पर? यहां केवल नामित पार्षद में सिर्फ एक महिला का नाम आयेगा? इसके बाद भूल जाना कि किसी और महिला के लिए किसी और सरकारी कृपा का कोई पैगाम आयेगा?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि क्या बसपा के पुराने जिलाध्यक्षों पर पड़ेगा इस बात का कोई असर? सुना है वो बैठकों में नहीं आते? इस बात का हो गया है नेशनल कोर्डिनेटर से शिकायत वाला जिक्र? कहने वाले ने कहा कि दरअसल हाथी नहीं समझ पा रहा है अब अपने महावतों की चाल? ऐसा ना हो चुनावी रण से पहले कमल के फूल वाले पूछ लें इन पुराने जिले वाले महावतों का सियासी हाल? कहने वाले ने कहा कि हाथी तो सिर्फ सेक्टर को ही सोच रहा है और भगवा वाले कर चुके है मिशन में एन्ट्री की तैयारी? सिर्फ कैलकुलेशन इस बात का लगाया जा रहा है कि इन चेहरों को लेकर हमें करनी है किस तरह से तय इनकी भागीदारी?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जिस तरह भगवा कमांडर भगवा भाभी को संघ से लेकर भाजपा के कार्यक्रमों में ला रहे हैं श्रीमान? ऐसा लग रहा है वो भाभी जी का तैयार कर रहे हैं राजनीति वाला आसमान? वो कहीं ना कहीं सोच समझकर दे रहे हैं अपनी बैटरहॉफ का सक्रियता वाला पैगाम? कहीं ऐसा तो नहीं है कि वो राजनीति के फलक पर चमकाना चाहते हैं भाभी जी का नाम? कहने वाले ने कहा कमांडर दिमाग के बहुत ही शार्प हैं? वो जो भी कुछ करते हैं? उसके पीछे छुपा होता है भविष्य का कोई पैगाम?

▸▸ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब मुख्यमंत्री योगी जी से हुई दो विधायकों की कोंइसीडेंट वाली मुलाकात? सुना है इस मुलाकात में विकास के अलावा भी हुई थी बहुत सारी बात? इस बातचीत में एक दावेदार का ये रख रहे थे बहुत ज्यादा ख्याल? कह रहे थे विधानसभा की इस जंग में हम दोनों हैं एक दूसरे के नाल? हम दोनों को समझनी होगी किसी चेहरे की भविष्य की चाल? इसलिए तुम हमारा ख्याल रखना? हम तुम्हारा रखेंगे ख्याल?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

# आउट रिंग रोड के निर्माण के बाद मिलेगा एक बडी आबादी को लाभ : अतुल वत्स

**आउटर रिंग रोड के लिए जीडीए सीधे किसानों से अर्जित करेगा जमीन | 60 मीटर चौड़ी आउटर रिंग रोड के निर्माण का प्लान तैयार करने के दिए गए दिशानिर्देश**





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आउटर रिंग रोड का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद राजनगर एक्सटेंशन समेत एक बड़ी आबादी को लाभ प्राप्त होगा। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने अर्जन विभाग को प्रस्तावित रिंग रोड 45 मीटर के स्थान पर 60 मीटर का प्लान तैयार करते हुए प्रस्तुत करने के दिशा निर्देश दिए है। समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया कि साल 2018 के दौरान 6 किलो मीटर के हिस्से में सरकुलर प्लान में 45 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड के निर्माण का खाका तैयार किया गया था। जबकि जोनल प्लान में 60 मीटर चौडी आउटर रिंग रोड प्रस्तावित की गई है। किसानों से मतभेद एवं कुछ किसानों के अदालत की शरण लेने के परिणाम स्वरूप आउटर रिंग रोड के निर्माण का कार्य गति नहीं पकड पाया। बैठक के दौरान ये भी सामने आया कि नूर नगर में करीब 553 मीटर एवं भोवापुर अटौर में करीब 1010 मीटर एवं शाहपुर मोरटा के करीब 548 मीटर के हिस्से में विवाद के चलते आउटर रिंग रोड के निर्माण का कार्य प्रभावित है।

बैठक के दौरान प्राधिकरण उपाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि आउटर रिंग रोड के लिए जमीन प्राधिकरण अर्जन विभाग के माध्यम से अर्जित करेगा। इसी के मददेनजर कार्रवाई को तेज किया जाए। ये भी स्पष्ट किया कि जिन किसानों के द्वारा अभी भी मतभेद उत्पन्न किया जा रहा है, उनसे सुलह के प्रयास किए जाए। ताकि आने वाले वक्त मे आउटर रिंग रोड के निर्माण के बाद उसका एक बडी आबादी को लाभ प्राप्त हो सकें। जीडीए के निर्माण विभाग के द्वारा आउटर रिंग रोड के मद्देनजर डिमार्केशन की मुहिम आरंभ कर दी गई है।

जिस कडी मे मंगलवार को जीडीए के अभियंत्रण अनुभाग तथा अर्जन अनुभाग की संयुक्त टीम के द्वारा डिमार्केशन करते हुए पिलर लगाने का कार्य किया गया। साथ ही 60 मीटर के प्रस्तावित एलाइनमेंट को भी चेके किया गया।

# जीडीए ने 'पहल पोर्टल' पर की नई व्यवस्था

## मेल के माध्यम से भी हासिल कर सकेंगे आवंटन लेटर : अतुल वत्स

### नई व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर की संभावना होगी शून्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष अतुल वत्स के दिशा निर्देशन में आरभ की गई पहल पोर्टल के अंतर्गत आवंटी अब घर बैठे ई मेल के माध्यम से भी न केवल आवंटन पत्र हासिल कर सकेंगे, बल्कि अपनी प्रोपर्टी का म्यूटेशन लेटर भी प्राप्त कर सकेंगे। इस कड़ी में मंगलवार को एक आवंटी को उसकी मेल पर आवंटन पत्र उपलब्ध कराया गया। जो काफी हद तक कामयाब रहा।

इसके लिए आवंटी को आवेदन के दौरान अपने मोबाइल नंबर के साथ मेल का भी उल्लेख करना होगा। इसके लिए आवंटी को केवल पोर्टल के लिंक पर आवेदन करना होगा। चूंकि जो जीडीए के द्वारा आवंटन पत्र आदि जारी किया जाता है उस पर क्यू आरकोड होता है। प्राधिकरण की टीम व अन्य कोई भी जेनेरेटेड पत्र की प्रमाणिकता की भी जाँच कर सकता है कि आवंटन पत्र उसी अवंटी का है । इस व्यवस्था के बाद फर्जी आवंटन लेटर भी भविष्य में जारी नहीं कराया जा सकेगा, बल्कि आवंटी के द्वारा घर बैठे ये भी जानकारी हासिल की जा सकेगी कि उनके द्वारा प्राधिकरण से जो भवन अथवा भूखंड आवंटित कराया गया है उसके एवज में कितनी राशि बकाया है तथा किस डेट में इस राशि का भुगतान किया जाना है, बल्कि चालान के माध्यम से जो राशि जमा की जा सकती है, बल्कि उसकी स्थिति भी घर बैठे प्राप्त की जा सकेगी।



जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने बताया कि नई व्यवस्था लागू करने का उद्देश्य पारदर्शी व्यवस्था हो, ताकि आवंटी को छोटे-छोटे कामों के लिए अपने व्यस्त समय का सदुपयोग किया जा सके। नई व्यवस्था का आवंटियों को बेहतर लाभ प्राप्त हो इस दिशा में हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं। प्राधिकरण के अपर सचिव प्रदीप कुमार सिह ने बताया कि अक्सर शिकायतें रहती थीं कि आवंटी को छोटे-छोटे कार्य के लिए प्राधिकरण में एक सीट से दूसरी सीट पर भटकना पड़ता है। अब पहल के माध्यम इन सभी समस्याओं का समाधान किया जा रहा है। पहल पोर्टल की समीक्षा व इसके बारे में हर पटल पर बैठकर अपर सचिव व अन्य अधिकारियों द्वारा सभी कर्मचारियों से उसका फीडबैक लिया जा रहा है।

# पार्षद खुर्शीदा कल्लन ने किया विकास कार्य का उद्घाटन

**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** शहीद नगर वार्ड 34 में मंगलवार को निगम पार्षद खुर्शीद कल्लन द्वारा दो गलियों का नारियल तोड़कर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि राजेंद्र चाय वाली गली जी ब्लॉक नाली व सीसी से गली और सी ब्लॉक गुरुद्वारे वाली गली नाली व सीसी गली का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस मौके पर पूर्व पार्षद मोहम्मद हाजी कल्लन ने कहा कि वार्ड का विकास ही प्राथमिकता है।





वार्ड के विकास के लिए हर समय लोगों के साथ रहता हूं। इस अवसर पर सिराजुद्दीन अजीम मंसूरी, औरंगजेब मलिक, टुकी राम, इमरान, हर्ष सरदार, सलमान सैफी, अनवर, फैजान अंसारी, सानू, रईस मंसूरी, इरशाद अब्बासी, रियाजुद्दीन, हाजी गय्युर, शहाबुद्दीन सैफी, कमालुद्दीन, मुख्तार, जमीर, डॉ आजाद, शोभाकांत पाठक, दानिश मंसूरी, समीर मंसूरी आदि लोग मौजूद रहे।

# विभिन्न मुख्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने यशोदा मेडिसिटी का दौरा किया

**गाजियाबाद करंट क्राइम।** मंगलवार को कई मुख्य संगठनों के प्रतिनिधियों ने यशोदा मेडिसिटी का दौरा किया। अस्पताल का दौरा करने वाले जाने-माने दिग्गजों में वेलफेयर वन चैरिटेबल संस्था से सीमा रावत, नोएडा लोक मंच से आर.एन. श्रीवास्तव, लायन्स क्लब गाजियाबाद संकल्प से मीरा सिंह, रसम एक संकल्प सोसायटी से मोनिका खट्टर, लायन्स क्लब नोएडा से डॉ लीना चौहान, लायन्स क्लब एलीट से संजीव शर्मा, महिला उन्नति संस्था से रेनु बाला शर्मा और नव ऊर्जा युवा संस्था से पुष्कर शर्मा शामिल रहे। गौरतलब है कि यशोदा मेडिसिटी दिल्ली-एनसीआर में 8 एकड़ क्षेत्रफल में फैला आधुनिक अस्पताल है।



इन प्रतिनिधियों ने अस्पताल की आधुनिक सुविधाओं का जायजा लिया और लीडरशिप टीम के साथ बातचीत भी की। उन्हें अस्पताल की आधुनिक सुविधाओं, अत्याधुनिक चिकित्सा क्षमताओं तथा उच्च गुणवत्ता की सेवाओं के साथ दुनिया भर में बढ़ती मौजूदगी के बारे में जानकारी दी गई। इन उच्च गुणवत्ता की सेवाओं में सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स, एआई-इनेबल्ड रोबोटिक सर्जरी प्लेटफॉर्म, दक्षिण एशिया का सबसे बड़ा मोड्यूलर आईसीयू सेटअप तथा एमआरई एवं सीटी क्षमताओं से युक्त दुनिया का पहला ट्रॉमा कमांड सिस्टम शामिल है। इस अवसर पर डॉ उपासना अरोड़ा ने कहा, यशोदा मेडिसिटी आधुनिक चिकित्सा, इनोवेशन पर फोकस करते हुए मरीजों को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विश्वस्तरीय सुविधा होगी जहां एक ही छत के नीचे कई स्पेशलटीज एवं 12 सेंटर ऑफ एक्सीलेन्स होंगे। हम स्पेशलटीज के सहयोग से मरीजों के लिए निदान से लेकर उपचार तक ही पूरी यात्रा को आसान बनाना चाहते हैं, ताकि वे उच्च गुणवत्ता की सर्वश्रेष्ठ स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ उठा सकें। समुदाय के लीडर्स ने जिस तरह से हममें भरोसा दिखाया है, वह हमें हेल्थकेयर के मानकों में सुधार लाने के मिशन की ओर बढ़ते रहने के लिए प्रेरित करता है। इस विजिट के दौरान आधुनिक हेल्थकेयर में नए बेंचमार्क स्थापित करने की यशोदा मेडिसिटी की भूमिका पर जोर दिया गया, अस्पताल मरीजों को उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत है।

# सरसों का तेल खाने से बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ी

## प्लांट से खाद्य विभाग की लाइव रेड, लिए सैंपल, जांच के बाद होगी कार्रवाई

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पटेल नगर सेकंड में स्थित सरसों तेल के प्लांट पर उत्तर प्रदेश खाद्य और रसद विभाग ने छापेमारी की। यह कार्रवाई एक बुजुर्ग की तबीयत बिगड़ने की शिकायत के बाद की गई। अमित कुमार ने कुछ दिन पहले इस प्लांट से सरसों का तेल खरीदा था। तेल के इस्तेमाल के बाद उनके पिता की तबीयत खराब हो गई।





अमित ने बताया कि तेल में केमिकल जैसा पदार्थ जमा हुआ दिखा। प्लांट मालिक ने शिकायत पर तेल बदल कर दिया। लेकिन नए तेल में भी वही समस्या पाई गई। इसके बाद अमित ने खाद्य विभाग में शिकायत दर्ज कराई।

जोन 16 की खाद्य सुरक्षा अधिकारी मोनिका गुप्ता ने अपनी टीम के साथ प्लांट पर छापेमारी की। टीम ने सरसों के तेल के कई नमूने लिए। इन नमूनों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा जाएगा। जांच में कमी पाए जाने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि प्लांट के पास वैध लाइसेंस है।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जन्मदिन की खुशी को सभी सेलिब्रेट करते हैं। अमित गुर्जर ने अपने जन्मदिन पर उन सभी का आभार व्यक्त किया जिन्होंने उन्हें जन्मदिन पर बधाई शुभकामनाएं दी। जन्मदिन की बधाई शुभकामनाओं के आभार वाली इस पोस्ट को उन्होंने फेसबुक पर साझा किया। अमित गुर्जर की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।